वर्ष 24, अंक 289, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 28 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## खोले बड़ी संख्या में नौकरी और निवेश के रास्ते, छोटे-बड़े उद्योगों को भी होगा भरपूर लाभ

**नई दिल्ली**

**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता आखिरकार आज नई दिल्ली में हस्ताक्षरित हो गया, जिसे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस समझौते पर भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मकले की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे एक पीढ़ी में एक बार होने वाला महत्वपूर्ण समझौता बताया, जो वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, निवेश प्रवाह और श्रम गतिशीलता के लिए नए रास्ते खोलेगा।

हम आपको बता दें कि यह समझौता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा। भारत सरकार ने इस अवसर को वैश्विक व्यापार के नए द्वार के रूप में प्रस्तुत किया है। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में व्यापार करना आसान बनाया जा रहा है, नियमों को सरल किया जा रहा है और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है ताकि विदेशी कंपनियां यहां आकर लाभ कमा सकें और वैश्विक स्तर पर विस्तार कर सकें।

यह समझौता विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके तहत भारत को न्यूजीलैंड के बाजार में अपने सभी 8284 निर्यात उत्पादों के लिए शत प्रतिशत शुल्क मुक्त पहुंच मिल जाएगी। पहले भारतीय



उत्पादों पर औसतन 2.2 प्रतिशत तक शुल्क लगता था और कुछ क्षेत्रों जैसे वस्त्र और चमड़ा उद्योग पर यह शुल्क 10 प्रतिशत तक पहुंच जाता था। अब इन सभी शुल्कों को समाप्त कर दिया गया है, जिससे भारतीय उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

इसका सीधा लाभ वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग सामान, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक और खाद्य उत्पादों जैसे क्षेत्रों को मिलेगा। विशेष रूप से आगरा का चमड़ा उद्योग, जो लंबे समय से वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा था, अब नई संभावनाओं के साथ उभर सकेगा। औषधि क्षेत्र को भी बड़ी राहत मिली है क्योंकि न्यूजीलैंड अब वैश्विक नियामकों की जांच रिपोर्ट को स्वीकार करेगा, जिससे बार बार जांच की आवश्यकता नहीं रहेगी और लागत कम होगी।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को भी इस समझौते से बड़ा लाभ मिलेगा। भारत ने अपने लगभग 70 प्रतिशत शुल्क लाइनों को न्यूजीलैंड के लिए खोल दिया है, जिससे वहां के निर्यातकों को ऊन, लकड़ी, कोयला, शराब, एवोकाडो और ब्लूबेरी जैसे उत्पादों में अवसर मिलेगा। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ेगा, जहां कीवी, सेब और शहद उत्पादन में तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। हालांकि भारत ने अपने संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा है। लगभग 30 प्रतिशत शुल्क लाइनों को समझौते से बाहर रखा गया है। इनमें दुग्ध उत्पाद, खाद्य तेल, चीनी, प्याज, दालें, रत्न और आभूषण तथा धातु क्षेत्र शामिल हैं। इस संतुलन को विशेषज्ञों ने भारत की रणनीतिक सफलता बताया है, जिससे घरेलू उद्योगों को नुकसान

### 9 महीने में तैयार हुआ समझौता

पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता सिर्फ 9 महीनों में पूरा हुआ, जो दोनों देशों के बीच भरोसे और साझा लक्ष्य को दिखाता है. उन्होंने इसे विकसित भारत 2047 की दिशा में एक बड़ा कदम बताया और कहा कि पिछले चार साल में यह उनका सातवां ट्रेड एग्रीमेंट है.

पीएम मोदी और न्यूजीलैंड के ढट की प्रतिक्रिया

नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह समझौता किसानों, युवाओं, महिलाओं, टरटए, कारीगरों, स्टार्टअप और छात्रों के लिए फायदेमंद होगा. इससे नए मौके बनेंगे और कई सेक्टर में सहयोग बढ़ेगा. वहीं न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि यह डील उनके देश के लिए एक नया और ह्लडायनेमिकह्व बाजार खोलेगी और एक्सपोर्ट बढ़ाने में मदद करेगी.

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड अगले 15 साल में 20 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा. भारत के सभी एक्सपोर्ट पर न्यूजीलैंड में 100% ड्यूटी खत्म कर दी जाएगी. भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए हर साल कम से कम 5,000 वीजा दिए जाएंगे, जिनसे वे वहां 3 साल तक काम कर सकेंगे.

टेक्सटाइल, लेदर, प्लास्टिक और इंजीनियरिंग जैसे भारतीय उत्पाद न्यूजीलैंड में बिना ड्यूटी के जाएंगे. वहीं भारत ने अपनी 70% टैरिफ लाइन्स न्यूजीलैंड के लिए खोल दी हैं. न्यूजीलैंड को ऊन, वाइन, लकड़ी, कोयला और फल जैसे एवोकाडो और ब्लूबेरी के एक्सपोर्ट में फायदा होगा।

## 'अब सीधा शपथ ग्रहण में आऊंगा...'

## बैरकपुर से पीएम मोदी ने भरी हुंकार, वोटिंग से पहले कर दी बड़ी भविष्यवाणी


**पश्चिम बंगाल**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में सोमवार (27 अप्रैल) को विजय संकल्प सभा की. चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अब मैं चार मई को ही पश्चिम बंगाल वापस आउंगा, जब यहां बीजेपी सरकार का शपथग्रहण समारोह होगा. प्रधानमंत्री ने मंच से कहा, अब देश की जनता ही उनका परिवार है. अपना घर छोड़ने के बाद अब तक वह लोगों के साथ ही रहे हैं.'

बैरकपुर में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'पूरे पश्चिम बंगाल के लोग सुरक्षा, अवसर और ईमानदार शासन चाहते हैं, जिसे टीएमसी देने में पूरी तरह विफल रही है.'

'बीजेपी के शपथ ग्रहण में फिर आउंगा' - पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, बंगाल के माहौल को देखकर मुझे लग रहा है कि मैं भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान फिर से आऊंगा. उन्होंने कहा, 'जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधान निरस्त करके भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्पों में से एक को पूरा किया. बंगाल में नयी भाजपा सरकार



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राज्य की समृद्धि के सपने को पूरा करेगी और शरणार्थी मुद्दे का समाधान करेगी.'

'ओडिशा-बिहार के बाद बंगाल में खिलेगा कमल' - पीएम मोदी

उन्होंने आगे कहा, वह खुद को बंगाल की सेवा करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और राज्य की रक्षा करने के लिए समर्पित मानते हैं. पीएम मोदी ने चुनावी रैली में दावा किया कि ओडिशा और बिहार के बाद इस बार पश्चिम बंगाल में कमल खिलेगा. उन्होंने कहा, पूर्वी भारत का विकास राष्ट्र की प्रगति के लिए जरूरी है, सत्तारूढ़ टीएमसी पर निशाना साधते हुए कि तृणमूल के पास बंगाल के विकास के लिए कोई दूरदृष्टि नहीं है.

क्या बोले पीएम मोदी की रैली में आए लोग?

पीएम मोदी की रैली में आए लोगों ने कहा कि बंगाल में बीजेपी की सरकार जरूरी है. पीएम मोदी की सभा में आए लोगों से न्यूज एजेंसी कअठर ने बातचीत की. पीएम मोदी की सभा में आईं प्रीति मुखर्जी ने कहा कि नारी सुरक्षा और बच्चों की पढ़ाई के लिए बंगाल में भाजपा सरकार बननी चाहिए. महिला ने कहा कि बंगाल की जनता पीएम मोदी के साथ है. बंगाल के लिए भाजपा खतरा नहीं है, बल्कि टीएमसी खुद ही खतरा है.

बंगाल में बीजेपी सरकार बनने का दावा

सुदीप्तो सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री बंगाल के हो गए हैं. 4 मई की तारीख को बंगाल में भाजपा सरकार बनेगी. बंगाल में राष्ट्रवादी सरकार की जरूरत है।

## हाई कोर्ट से आम आदमी पार्टी के लिए आई बड़ी खुशखबरी

### अरविंद केजरीवाल बोले, 'स्वागत है...'



**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक महराज मलिक की पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत हिरासत को रद्द कर दिया है. इससे विधायक को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पिछले साल सितंबर से ही एहतियाती हिरासत में रखा गया था. विधायक महराज मलिक की तरफ से पेश हुए वकील अप्पू सिंह ने बताया कि कोर्ट ने मलिक द्वारा अपनी हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की गई 'बंदी प्रत्यक्षीकरण') याचिका पर सुनवाई के बाद, जम्मू-कश्मीर पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत जारी हिरासत आदेश को रद्द कर दिया.

स्वागत है मेहराज मलिक, आपका संघर्ष मिसाल- केजरीवाल

इस फैसले पर दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में कहा, "स्वागत है मेहराज मलिक. आपका संघर्ष सभी के लिए एक मिसाल है."

8 सितंबर 2025 को हिरासत में लिया गया था

कोर्ट विस्तृत आदेश का अभी इंतजार है, क्योंकि यह फैसला आज खुली अदालत में सुनाया गया. मलिक डोडा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और अअढ की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख भी हैं. उन्हें 8 सितंबर 2025 को 'सार्वजनिक व्यवस्था के लिए हानिकारक गतिविधियों' के आरोपों में हिरासत में लिया गया था. इसके बाद उन्हें कठुआ ज़िला जेल में भेज दिया गया था।

हिरासत को चुनौती देने वाली इस याचिका पर हाई कोर्ट में कई तारीखों पर सुनवाई हुई थी. इस साल 23 फरवरी को, दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## आप सभी का यह निर्णय अभिनंदनीय- सीएम रेखा

**नई दिल्ली**

**राघव** चड्ढा सहित सातों आप सांसदों के बीजेपी में विलय को राज्यसभा के सभापति ने मंजूरी दे दी. इस पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की प्रतिक्रिया सामने आई है. सीएम रेखा गुप्ता ने इस फैसले का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि अब राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी बीजेपी संसदीय दल के सदस्य हैं.

आप सभी का यह निर्णय अभिनंदनीय- सीएम

अपने एक्स पोस्ट में सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, "माननीय राज्यसभा सभापति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी द्वारा आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के भाजपा में विलय की आधिकारिक स्वीकृति का हम हार्दिक स्वागत करते हैं. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प से प्रेरित होकर लिया गया आप सभी का यह निर्णय अभिनंदनीय है."

इसके आगे उन्होंने लिखा, "संसदीय गरिमा और अनुशासन को बनाए रखने वाले इन साथियों का अनुभव देश के विकास को नई शक्ति प्रदान करेगा. झूठ और अराजक राजनीति को त्याग कर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ



जुड़ने के लिए आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं."

माननीय राज्यसभा सभापति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी द्वारा आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के भाजपा में विलय की आधिकारिक स्वीकृति का हम हार्दिक स्वागत करते हैं।

बता दें कि सोमवार (27 अप्रैल) को राज्यसभा के सभापति ने आप के सात सांसदों के बीजेपी में विलय को मंजूरी दे दी. इस फैसले के बाद अब राज्यसभा में आप के सांसदों की संख्या 10 से घटकर तीन हो गई है.

राघव चड्ढा पर सौरभ भारद्वाज का निशाना, 'आपकी शादी भी इसलिए हो पाई है क्योंकि...'

विलय को मंजूरी मिलने पर अअढ की प्रतिक्रिया

विलय को मंजूरी मिलने पर आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, "अभी जो चेयरमैन साहब का फैसला है वो एकतरफा है. सातों सांसदों ने विलय का जो प्रस्ताव दिया उसका संज्ञान चेयरमैन साहब ने लिया है।

## अकोला बना भारत का सबसे गर्म शहर

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** के अकोला में देश में सबसे अधिक 46.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि नागपुर समेत विदर्भ के अन्य हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक राज्य के विदर्भ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मंगलवार तक लू की स्थिति बनी रहने का पूर्वानुमान है। उन्होंने कहा कि अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है तथा कुछ दूरस्थ स्थानों पर यह 47 डिग्री सेल्सियस भी हो सकता है।

## महिला आरक्षण पर उत्तराखंड में सियासी संग्राम! धामी सरकार का विशेष सत्र, देहरादून में मशाल जुलूस

**देहरादून**

**महिला** आरक्षण को लोकसभा में पारित न होने देने के मुद्दे पर देशभर में सियासी पारा चढ़ा हुआ है. बीजेपी शासित राज्यों में इस मुद्दे को लेकर विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला जा रहा है. उत्तराखंड में भी धामी सरकार ने 28 अप्रैल को विशेष सत्र बुलाकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने का फैसला किया है. इसके साथ ही विशेष सत्र समाप्त होने के बाद देहरादून में एक बड़ा मशाल जुलूस भी निकाला जाएगा जिसमें खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल होंगे. बीजेपी की ओर से निकाला जाने वाला यह मशाल जुलूस देहरादून के गांधी पार्क से शुरू होकर ऐतिहासिक घंटाघर तक जाएगा.

जुलूस में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ-साथ बीजेपी संगठन की बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगी. पार्टी का साफ संदेश है कि जो दल संसद में महिलाओं को उनका हक दिलाने वाले इस बिल को रोक रहे हैं।

### खाने का तेल ?182 के पार, रिटेल इंफ्लेशन 3.4% पर पहुंची

## महंगाई की दोहरी मार: बड़े झटके की चेतावनी

**नई दिल्ली**

**लगभग** दो महीने से चल रही ईरान-अमेरिका की जंग के कारण अब हालात यह हैं कि खाने का तेल, रसोई गैस, साबुन, बिस्किट हर चीज धीरे-धीरे महंगी हो रही है और सबसे बड़ा झटका आम आदमी को पाम ऑयल दे रहा है. साबुन, बिस्किट, हेयर ऑयल, नूडल्स और खाने का तेल. इन सबमें पाम ऑयल होता है. बाजार में मिलने वाले खाने के तेल के ब्रांड्स में भी बड़ा हिस्सा पाम ऑयल का होता है. यही वजह है




कि पाम ऑयल की कीमत बढ़ने का असर सीधे रसोई के बजट पर पड़ता है.

आता इंडोनेशिया से है - जंग ने महंगा कर दिया भारत हर साल करीब 1.67 करोड़ टन खाद्य तेल आयात करता है. इसमें सबसे बड़ा हिस्सा करीब 40 फीसदी पाम ऑयल का होता है जो इंडोनेशिया और मलेशिया से आता है. यह तेल समुद्री जहाजों से भारत पहुंचता है लेकिन ईरान-अमेरिका जंग के कारण पूरी दुनिया में समुद्री जहाजरानी का बीमा महंगा हो गया है और बढ़ गई हैं यह सारा बोझ आखिरकार उस तेल की कीमत पर आया जो आप बाजार से खरीदते हैं.दूसरी तरफ इंडोनेशिया ने तो अब बोल दिया कि वो अब इसको बाहर बेचने पर कंट्रोल लगाएगा खुद ही इस्तेमाल करेगा क्योंकि पाम ऑयल से बायो-डीजल भी बनाया जाता है।

## सीएम योगी ने 17 फॉर्मा कंपनियों को दिया लेटर ऑफ कम्फर्ट

### बोले- यूपी में सेफ्टी, स्टेबिलिटी-स्पीड की गारंटी

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 17 फॉर्मा कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) प्रदान किया. मुख्यमंत्री योगी ने सभी निवेशकों को सफलतम निवेश की शुभकामना दी और कहा कि आज का दिन प्रदेश के औद्योगिक व स्वास्थ्य सेवा के लिए ऐतिहासिक पड़ाव है. मुख्यमंत्री योगी ने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश में सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड की गारंटी है. प्रदेश अब ट्रस्ट व टाइमली डिलीवरी के लिए पहचाना जा रहा है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश हर रिलायबल पॉलिसी पार्टनर के साथ खड़ा है.

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है. देश की अर्थव्यवस्था ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है. हम 200 देशों को सस्ती व गुणवत्तापरक दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं. विगत दिनों हुए फॉर्मा कॉन्क्लेव ने ग्लोबल हेल्थटेक के मैप पर उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है. उन्होंने निवेशकों से कहा कि आपका निवेश केवल फॉर्मा/मेडिकल डिवाइस के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के विश्वास के साथ जुड़ा है.

युवाओं को मिलेगा रोजगार

लगभग 2000 करोड़ का निवेश रिसर्च एवं डवलपमेंट में उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायता करेगा. इस निवेश से उत्तर प्रदेश के 10 हजार से अधिक स्किल्ड/अनस्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेगा.

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी के



सामूहिक प्रयासों का परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहा है. यूपी में निवेश से नई संभावनाएं पैदा हुई हैं. विगत 9 वर्ष में सरकार की स्पष्ट नीति व साफ नीयत के कारण उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर देश का ग्रोथ इंजन बना है. यूपी का एसडीपी बढ़कर 36 लाख करोड़ हो गया है.

यूपी का माहौल उद्योगों के अनुकूल- सीएम योगी

सीएम योगी ने निवेशकों से कहा कि यूपी बड़ा मार्केट है. यहां का माहौल उद्योगों के अनुकूल है. यहां पर्याप्त लैंडबैंक है. यूपी में हर सेक्टर में कार्य करने वाला वर्कफोर्स उपलब्ध है. यहां का 56 फीसदी वर्कफोर्स युवा है. इन युवाओं को स्किल, इनोवेशन व टेक्नोलॉ से जोड़कर मार्केट की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है. प्रदेश में वर्तमान में 21 हजार से अधिक स्टार्टअप कार्य कर रहे हैं.

मुख्यमंत्री योगी ने निवेशकों से कहा कि विकास की पहली शर्त कानून व्यवस्था है. 2017 के पश्चात यूपी की सुदृढ़ कानून व्यवस्था से देश-दुनिया परिचित है. प्रदेश अब पॉलिसी पैरालिसिस से निकलकर पॉलिसी स्टेबिलिटी तक पहुंच गया है. यहां 34 से अधिक सेक्टोरल पॉलिसी है।

## ऊधम सिंह नगर में आग का तांडव: 5 जगहों पर भड़की भीषण आग, दमकल की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

**ऊधम सिंह नगर**

**ऊधम** सिंह नगर जनपद में सोमवार को अलग-अलग पांच स्थानों पर आग का तांडव देखने को मिला. आग पर दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया है. जिसमें एक गत्ते से भरे कैंटर में अचानक आग धधक गई, जिसके चलते धूं-धूं करके गाडी जलकर स्वाह हो गई. जबकि एक जगह कटे हुए गेहूं के खेत में आग लगना ओर कबाड़ के गोदाम में आग लगने समेत अलग-अलग पांच जगहों पर आग ने अपना जमकर तांडव मचाया, जिसके चलते भारी नुकसान का सामना करना पड़ा. सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया, कहीं भी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी हुआ है, जिसको लेकर आंकलन जारी है. दमकल विभाग ने इस समय लोगों से आग लगने की संभावना वाली जगहों से ज्वलनशील चीजं दूर रखने की अपील की है.

केलाखेड़ा में गत्ते से लदे ट्रक में लगी आग

केलाखेड़ा क्षेत्रअंतर्गत गत्ते से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई. जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया. जिसके चलते मार्ग में खड़े वाहन में आग लगने से अफरा तफरी मच गई ।

# सहसों में भाजपा की 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' महिला आरक्षण मुद्दे पर विपक्ष का हुआ पुतला दहन

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज परिसर से सोमवार को भारतीय जनता पार्टी गंगापार के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान के नेतृत्व में ह्यजन आक्रोश महिला पदयात्राञ्च निकाली गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं ने भाग लिया और महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष के खिलाफ आक्रोश जताया। पदयात्रा शिवाजी पीजी कॉलेज से शुरू होकर सहसों बाजार से गुजरते हुए सहसों बाईपास पहुंची। जहां पर लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित न हो पाने और विपक्ष द्वारा कथित विरोध के विरोध में अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इसके बाद पदयात्रा पुनः कॉलेज परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।

समापन के बाद आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री (महिला मोर्चा) कविता यादव त्रिपाठी ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक का लागू न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के विरोध से उनकी महिला विरोधी सोच उजागर होती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और चुनावों में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान और फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने अपने संबोधन में महिलाओं से एकजुट होकर सपा और कांग्रेस को जवाब देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में महिलाएं अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कविता पटेल, जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल, प्रमुख सहसों गीता सिंह, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, संतोष शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, पार्षद सियाराम मौर्य, बृजेश त्रिपाठी, महेश पांडेय, ईश्वर चंद्र बिंद, अरुण मिश्रा (पिंटू नेता), आरती अग्रवाल, रूपम त्रिपाठी, नीलम गिरी, लता विश्वकर्मा, सौम्या मिश्रा, ललिता पटेल, विजय लक्ष्मी चंदेल, उर्मिला शुक्ला, अक्षत तिवारी, मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल, प्रभाकर द्विवेदी, भूपेन्द्र पांडेय, श्याम सुंदर दुबे, मंडल महामंत्री पवन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## घर में घुसकर तोड़फोड़ मार पीट सात के खिलाफ केस दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय हो कर घर मे घुस कर तोड़ फोड़ करने लगे विरोध करने पर लाठी डंडो से मार कर जख्मी कर दिए।तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासनीय रिजवाना बानों,नजमा बानों का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एक राय होकर घर में घुसकर तोड़फोड़ फोड किए। विरोध पर लाठी डंडा से मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए तथा गालियां देते हुए भाग गए।नजमा बानों और रिजवाना बानों को चोटें आयी है। पुलिस ने गांव के आशिक अली, जिशान अली, मोहम्मद अरबाज , शहबाज, कैफियत बानों, शाहीन बानों,रेशमा बानों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर ली है।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव नहर की पटरी पर मिला पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा





अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** संदिग्द हालत में आर्केस्ट्रा डांसर का शव नहर की पटरी पर मिलने से लोगो मे हड़कंप मच गया सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गढचम्पा निवासी अजय कुमार 21 वर्ष पुत्र विजय कुमार आर्केस्ट्रा में डांसर हैं। बताया गया है कि वह रविवार को घर आया फिर फोन से बातें करते हुए शारदा सहायक नहर के पास चला गया। शाम को गांव के एक युवक ने बताया कि अजय कुमार नहर की पटरी के निकट बेहोश पडा है। परिजन भाग कर गए और अजय कुमार को अस्पताल ले गए जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों ने अजय का शव लाकर घर पर रख दिए।देर रात अजय के बड़े भाई घनश्याम ने मऊआइमा थाना में भाई की संदिग्ध मौत होने और पोस्टमार्टम कराने की बात लिख कर दी। जिसपर पुलिस ने सोमवार को सुबह अजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतक तीन बहनों एक बडे भाई में सबसे छोटा था।वह आर्केस्ट्रा में डांसर था। ग्रामीणों का आरोप है कि अजय के गले में काला निशान है।जिसकी हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# यूसुफपुर मोतिहां में पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल, 25 लाख मुआवजे की मांग



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम सभा यूसुफपुर मोतिहां पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिला और पीड़िता का हाल-चाल जाना। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को हर संभव मदद और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शासनकाल में हत्या, बलात्कार और लूट जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की अपराधियों पर पकड़ कमजोर हो चुकी है, जिससे अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और खुलेआम घूम रहे हैं।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही, सरकार से पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग भी की गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी पीड़ित परिवार से फोन पर बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में शरद उपाध्याय (मुन्ना), विधानसभा प्रभारी डॉ. जगत नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवराज उपाध्याय, महासचिव सुनील पाण्डेय, डॉ. अमर सिंह पटेल, परवेज ताहिर, श्याम जी धुरिया, हरभान सिंह सिंगरौर, अजय कुशवाहा, मोहम्मद यूसुफ और मोहम्मद फारुक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग पर पुलिस से हाथापाई करने वाले कथित पत्रकार की शांतिभंग में चालान

**प्रयागराज।** जमुनापार थाना थानाप्रभारी के नेतृत्व में वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था उसी दौरान एक तथाकथित पत्रकार ने घूरपुर थाने के पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाही करने पर हुआ उतारू हो गया। अजय कुमार मिश्रा पुत्र अरुण कुमार मिश्रा निवासी ग्राम सारंगपुर, थाना घूरपुर, जनपद प्रयागराज अपने आप को पत्रकार बताते हुए वाहन चेकिंग के दौरान कार्य सरकार में बाधा डाला दरोगा को बोलने लगा कि हमारी बाइक का चालान किए हो इसका परिणाम बुरा होगा यह कहते हुआ धमकी देने लगा पुलिस कर्मी द्वारा जब इसका वीडियो बनाया गया तो ये सिपाही का फोन लेके भाग गया। आम जनता के सहयोग से किसी तरीके से पकड़ा गया।थाने लाकर घूरपुर पुलिस ने शांति भंग व कार्य सरकार में बाधा डालने में 7दिन रिमांड पर जेल भेज दिया।

# करियाखुर्द के लालों ने रचा इतिहास, मेडल से गूंज उठा न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल का प्रांगण






### मेधावी सम्मान समारोह में टॉपर्स पर बरसा गौरव, ग्राम प्रधान ने पहनाए मेडल

**शंकरगढ़।** शिक्षा के मंदिर में उस समय उत्साह, गर्व और तालियों की गूंज एक साथ सुनाई दी, जब न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह ने न सिर्फ विद्यार्थियों की मेहनत को सलाम किया, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई प्रेरणा भी जगाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जैसे ही मंच पर मेधावी छात्र-छात्राओं को बुलाया गया, विद्यालय परिसर तालियों से गूंज उठा। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र और मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया, साथ ही मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत करियाखुर्द की ग्राम प्रधान सुनीता सिंह रहीं। उन्होंने अपने हाथों से विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की असली पहचान है। उन्होंने यह भी गर्व के साथ कहा कि विद्यालय के तीनों टॉपर इसी ग्राम पंचायत से हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।इस वर्ष विद्यालय के टॉपर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई मिसाल पेश की।अतुल सिंह ने 92.33%, रागिनी सिंह ने 91.50% और आंचल ने 91.16% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।तीनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और अभिभावकों को दिया।टॉपर अतुल सिंह ने कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी ताकत है। उनकी बातों ने उपस्थित विद्यार्थियों में नया जोश भर दिया।विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो जीवन को नई दिशा और पहचान देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया।वहीं शिक्षिका शीतल सिंह ने भी छात्रों को मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में अनुज मिश्रा, नीतू सिंह, सोनम सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे समारोह में गर्व, खुशी और उपलब्धि का अनोखा संगम देखने को मिला।

# श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान हाईस्कूल 100% व इंटर 99% रहा परिणाम

अखंड भारत संदेश



**कौंधियारा/करछना।** विकासखंड कौंधियारा के अकोढ़ा स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज में शनिवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार और पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य अमित कुमार ने हाईस्कूल के टॉपर निहित गौतम (91.7%) तथा इंटरमीडिएट के टॉपर श्लोक पाण्डेय (85%) को 2100 रुपये और पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने यह शानदार परिणाम हासिल किया है।

हाईस्कूल में रागिनी कुशवाहा, प्रीति कुशवाहा, स्वाति कुशवाहा, मोहम्मद अदनान, ऋशा यादव, मानसी नामदेव, मनीष गौतम, श्वेता दुबे, पुष्पांजलि, रंजीत, वर्षा कुशवाहा, कृति पाण्डेय, खुशी कुशवाहा, अंजलि पाण्डेय, विभा, सोनम नामदेव, प्रिय कुशवाहा, शिवानी प्रजापति, दीक्षा कुशवाहा, अंजली व शुभम कुशवाहा सहित कई विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इंटरमीडिएट में कोमल कुशवाहा, रागिनी कुशवाहा, ऋतु कोटार्य, तनु शुक्ला, खुशी यादव, शुभी प्रजापति, शिवम गोस्वामी, आराध्या, संध्या कुशवाहा, प्रियांशी त्रिपाठी, खुशी पाण्डेय, खुशी सिंह, आस्तिक कुशवाहा, लकी शुक्ला, जयशंकर कन्नौजिया व अमित कुमार ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय का हाईस्कूल परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि इंटरमीडिएट में 99 प्रतिशत छात्र सफल हुए, जिनमें 25 विद्यार्थियों ने ससम्मान उत्तीर्णता प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता प्रदीप दुबे ने किया। इस अवसर पर सुशील सिंह, रामसहोदर यादव, आशीष शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, अमरेंद्र कुशवाहा, बृजेश पटेल, गणेश शुक्ला, अरुण मिश्र, आरती मौर्य, वीना उपाध्याय,प्रिया कुशवाहा, प्राची, आशुतोष, सत्यम कुशवाहा सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

## शुआट्स 8 मई तक बंद, ऑनलाईन कक्षायें होंगी आयोजित

**प्रयागराज।** डा. रमाकान्त दूबे, चेयरमैन, शुआट्स मीडिया कमेटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि दिनांक 27.04.2026 को शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचरियों द्वारा वेतन की मांग को लेकर मुख्य द्वार पर ताला डालकर प्रदर्शन किया जा रहा था। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें समझाने का प्रयास किया गया तथा एक सप्ताह के भीतर दो माह का वेतन दिये जाने का आश्वासन दिया गया। किन्तु इसी दौरान विश्वविद्यालय से हटाये गये शिक्षकगणों ने कतिपय विश्वविद्यालय स्टाफ के साथ तोड़ फोड़ की, विश्वविद्यालय अधिकारियों को बंधक बना लिया। कुलपति कैम्प कार्यालय का दरवाजा तोड़कर जबर्दस्ती अंदर घुस गये, सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये गये। इस सम्बन्ध में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को सूचित कर दिया गया। छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और अधिकारियों व कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये, इसलिये विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा समस्त कक्षाओं को ऑन-लाईन आयोजित करने तथा विश्वविद्यालय को दिनांक 28-04-2026 से दिनांक 08-05-2026 तक बंद किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# दृष्टिबाधित शिवजी ने 77 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया मान




**झूंसी।** ग्रामीण विशेष विद्यालय एवं माता कलावती कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन झूंसी के दृष्टिबाधित छात्र शिवजी ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 77.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों और शारीरिक चुनौती के बावजूद शिवजी की इस उपलब्धि को सराहनीय माना जा रहा है।

शिवजी के पिता भईया नाविक हैं जबकि माता बेबी गृहणी हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद शिवजी का सपना पढ़-लिखकर कुछ बनना और परिवार की हालत सुधारना है। संस्थान की निदेशक प्रज्ञा तिवारी ने बताया कि जहां कई सामान्य छात्र पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं, वहीं शिवजी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने शिवजी को आगे की पढ़ाई में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## तेल से लदा ट्रक चाय की दुकान में घुसा

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा अंतर्गत भारतगंज नगर पंचायत के समीप मांडा वीपी प्रतापपुर मार्ग पर स्थित 'बेवफा चाय' की दुकान में देर रात एक तेल से लदा ट्रक घुस गया। यह घटना बीती रात करीब 12 बजे हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुकान के पास लगा एक आम का पेड़ जड़ से उखड़ गया। ट्रक से तेल भी सड़क पर फैल गया। हादसे के समय दुकान बंद थी और वहां कोई मौजूद नहीं था। इस वजह से किसी तरह की जनहानि या चोट की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, यह ट्रक मध्य प्रदेश से आ रहा था। भारतगंज पहुंचने से पहले मांडा भरारी के पास भारी वाहनों के लिए एक बाईपास सड़क बनाई गई है, ताकि नगर की संकरी सड़कों पर जाम न लगे। हालांकि, बाईपास सड़क की खराब हालत (गड्ढों से भरी होने) के कारण, तेल से लदा यह ट्रक बाईपास का उपयोग न करके भारतगंज के मुख्य मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान यह 'बेवफा चाय' की दुकान के सामने एक पेड़ से टकरा गया। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक की मदद की और फंसे हुए ट्रक को बाहर निकाला।

# 2027 चुनाव की तैयारी में जुटी आजाद समाज पार्टी, 'बूथ जीतो चुनाव जीतो' अभियान तेज



**प्रयागराज।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में करछना क्षेत्र के ग्रामसभा बहेरी में पार्टी कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ जीतो, चुनाव जीतो अभियान के तहत रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना मजबूत संगठन के चुनाव जीतना संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बिना आसपा के 2027 में सरकार बनाना आसान नहीं होगा।

रामबृज ने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करने, आपसी समन्वय बढ़ाने और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख एडवोकेट चंद्रशेखर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप योग्य प्रत्याशियों का चयन और प्रभावी चुनाव प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारा मजबूत करने के संकल्प के साथ कार्यकताओं ने पूरी निष्ठा से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सेक्टर व बूथ गठन के साथ कैडर बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें रामप्यारे, सुग्रीव कुमार, गौरव, कृष्ण कुमार, राधेश्याम, कपूरी नंद, सुदामा प्रसाद, कल्लू राम, सोना कली, धनवंती, सुलेखा देवी, मीरा देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत निकली विशाल पदयात्रा

### SDM करछना को सौंपा गया ज्ञापन

अखंड भारत संदेश




**करछना।** वृंदावन के महान विद्वान साधु-संतों के मार्गदर्शन में चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत आज करछना में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को उचित सम्मान दिलाना, उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान कराना, सभी राज्यों में गौ सुरक्षा हेतु सख्त कानून बनवाना, गौ माता पर हो रहे अत्याचारों को रोकना, बूचड़खानों को बंद कराना तथा भारत को गौ हत्या के कलंक से मुक्त कराना है इसी उद्देश्य को लेकर आज करछना शिव मंदिर से करछना तहसील तक सभी साधु-संतों, गौ सेवकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा विशाल पैदल यात्रा निकाली गई इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने गौ माता के सम्मान और संरक्षण के समर्थन में भाग लिया तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अपनी सहमति दर्ज कराई अभियान के अंतर्गत एकत्रित जनसमर्थन एवं हस्ताक्षरों को माननीय प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रपति, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय राज्यपाल जी तक पहुंचाने हेतु SDM करछना महोदय को ज्ञापन सौंपा गया साथ ही उनसे निवेदन किया गया कि इस जनभावना को शासन-प्रशासन के उच्च स्तर तक पहुंचाया जाए।

इस संपूर्ण अभियान का नेतृत्व पूज्य श्री राजाराम दास जी महाराज ने किया। उनके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में सभी गौ सेवक पूरी निष्ठा के साथ इस अभियान में जुटे रहे जिले के प्रभारी के रूप में सनातनी शिवम ने समस्त व्यवस्थाओं का संचालन किया अभियान को सफल बनाने में करछना के प्रभारी स्वामी धर्मेंद्र जी करछना गौ प्रचारक दीपक जी और कौशिक जी सरदार पतविन्दर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई महाराज जी के आशीर्वाद से गौ सेवक अनिल सिंह चौहान विवेक सिंह राज तिवारी हर्ष तिवारी मोहित तिवारी सुदर्शन ओझा, हेरम्ब शास्त्री, लल्लू पंडित, प्रतीक शर्मा, सुमित अग्रवाल, विक्रान्त पांडे, शिवांगी मिश्रा, शिवम केसरवानी, व्यास अंकित ओझा, काशी दास, हरमनजी सिह ने भी अपनी सारी शक्ति और ऊर्जा इस महान गौ सम्मान आह्वान अभियान का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न करने में और सभी गौ सेवकों ने संकल्प लिया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, जब तक गौ माता को उनका उचित सम्मान और सुरक्षा प्राप्त नहीं हो जाती।

# योगी सरकार में कानून का राज है या बालू के अवैध कारोबार में लगे खनन माफियाओं का दबदबा

## मेजा में गंगा और टोंस नदी पर खनन सिंडिकेट का बोलबाला,घाटों पर अवैध बालू कारोबारियों का चल रहा है बेखौफ खेल, इस गोरखधंधे में सिस्टम पर उठ रहा है बड़ा सवाल

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** तहसील क्षेत्र में अवैध खनन अब छिपा हुआ अपराध नहीं रहा। टोंस और गंगा नदी के पर बिना वैध पट्टे के जेसीबी और ट्रैक्टरों से बालू की निकासी दिन-दहाड़े जारी है। प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत से जारी है, स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह कोई अलग-थलग घटना नहीं बल्कि संगठित खनन सिंडिकेट का हिस्सा है, जो चौरासी क्षेत्र से लेकर दक्षिणांचल के शाहपुर, मई कला, इसैटा और झडियही तक फैला हुआ है। इस पूरे नेटवर्क में क्षेत्र के बड़े बड़े माफिया शामिल हैं। आरोप है कि ये लोग खुलेआम नदी से बालू निकालते हैं और अपने प्रभाव के दम पर किसी भी कार्रवाई को भी रोकने अथवा रोकवाने में सक्षम हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस गोरख धंधे में सुबह से देर रात तक ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। बालू लदे ट्रक बेखौफ सीधे मुख्य मार्गों पर निकलते हैं इतना ही नहीं कई बार तो रात में भी अवैध खनन होने की जानकारी मिली है।



### अवैध खेल में माफियाओं के डर और धमकियों का माहौल

गौरतलब है कि अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने वाले ग्रामीणों अथवा समाजसेवियों को धमकियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर खनन माफिया उन्हें रात में घर से उठाकर ले जाते हैं और उनके साथ मारपीट की जाती है। शिकायत करने वाले लोगों के घर की महिलाओं को भी धमकाया जाता है। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके घरों के बाहर रात में अज्ञात लोग आकर पत्थर फेंकते हैं और परिवार को अंजाम भुगतने की धमकी देते हैं।यहां तक की किसी पत्रकार की गाड़ी में प्रेस का लोबो लगा दिख जाता है तो उन्हें भी रोक कर धमकाया जाता है और उन्हे बेज्जत करने का पूरा प्रयास किया जाता है। ऐसे माहौल में अधिकांश लोग अब शिकायत करने से कतराते हैं। जो लोग साहस दिखाकर पुलिस प्रशासन तक पहुंचते भी हैं, तो उनकी शिकायतों पर स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं करती है मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। जिससे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता है।

### आर्थिक नुकसान और सरकार के राजस्व की हानि

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अवैध खनन से राज्य सरकार को हर साल करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। क्षेत्र में वैध पट्टाधारकों को कारोबार में घाटा हो रहा है, क्योंकि अवैध बालू सस्ते दाम पर उपलब्ध होने से उनकी बिक्री घट गई है। इससे न सिर्फ सरकार का राजस्व कम हो रहा है बल्कि वैध खनन व्यवसायियों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

### ग्रामीणों की मांग और पुलिस प्रशासन की चुप्पी

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि बालू के अवैध कारोबार में लगे आरोपियों के इस कार्य में भूमिका की जांच हो और अवैध खनन के इस पूरे जाल को जड़ से खत्म किये जाने के लिए उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय साथ ही नदी किनारे कटाव रोकने के लिए तटबंध बनाए जाएं और पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए जाएं। इस संबंध में शिकायत मिलने पर जांच के बाद कार्यवाही करने का दावा करने वाले तहसील स्तरीय अधिकारियों की बातों और दावों को खोखला बताने वाले ग्रामीण अधिकारियों के इन दावों को सिर्फ कागजी कार्रवाई करना बता रहे हैं।

### योगी सरकार में कानून का राज या माफियाओं का दबदबा

प्रयागराज में कानून का राज है या बालू के अवैध कारोबार में लगे खनन माफियाओं का दबदबा ? ग्रामीणों के जेहन में इन दिनों यह बड़ा सवाल है। उनका कहना है कि नदी का सीना छलनी कर रहे खनन माफियाओं पर शीघ्र ही सरकार न एक्शन नहीं लिया तो घाटों और नदियों की स्थिति और भी बिगड़ जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सिर्फ मेजा क्षेत्र का मामला नहीं बल्कि प्रयागराज जनपद से जुड़े टोंस, यमुना और गंगा नदी के किनारों पर इसी तरह के अवैध खनन बेखौफ संचालित हैं।

### अवैध खनन में माफियाओं पर राजनैतिक संरक्षण का आरोप

कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि खनन सिंडिकेट के कारोबार में स्थानीय स्तर पर माफियाओं को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। चुनाव के समय यही लोग राजनेताओं के लिए धन जुटाने का काम करते हैं, इसलिए इस कारोबार में लगे माफियाओं पर उनका संरक्षण होता है और पुलिस प्रशासन की कार्रवाई नहीं होती है।

### पुलिस और प्रशासन के सामने चुनौती

जिला प्रशासन के सामने अब दोहरी चुनौती है। एक ओर अवैध खनन को रोकना है तो दूसरी ओर ग्रामीणों का विश्वास बहाल करना है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों का आंदोलन तेज हो सकता है। पहले भी कई बार ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन कर अवैध खनन रोकने की मांग उठाई है, लेकिन परिणाम शून्य रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस चुनौती को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या आरोपियों पर कठोर एक्शन लेते हुए यह खेल समाप्त करने में अपनी अहम जिम्मेदारियों को निभाता है या ऐसे ही चलता रहेगा। फिलहाल ग्रामीणों की उम्मीदें अब जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों पर टिकी हुई हैं।

### माफियाओं के संगठित नेटवर्क की कार्यप्रणाली

ग्रामीणों के अनुसार खनन सिंडिकेट की कार्यप्रणाली पूरी तरह संगठित है। घाटों पर जेसीबी से बालू निकालने के बाद उसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लादकर आसपास के गांवों में ले जाया जाता है। वहां से ट्रकों में भरकर इसे प्रयागराज और आसपास के निर्माण स्थलों पर सप्लाई किया जाता है। एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू की कीमत बाजार में 1500 से 2000 रुपये तक है, जबकि अवैध खनन से यह 800 से 1000 रुपये में उपलब्ध हो जाती है। यही कारण है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार भी इस सस्ते बालू को खरीदने में रुचि दिखाते हैं। सूत्रों के अनुसार सिंडिकेट ने नदी के किनारे कई अस्थायी रास्ते बना रखे हैं, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। रात में जेसीबी की रोशनी में खनन होता है और सुबह होते-होते ट्रैक्टरों की आवाजाही शुरू हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कुछ स्थानीय स्तर पर पुलिस की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

### पर्यावरण और आजीविका पर संकट

टोंस नदी और गंगा नदी के किनारे लगातार कट रहे हैं जिससे नदी का जलस्तर तेजी से गिर रहा है और तटीय क्षेत्र की उपजाऊ जमीन कमजोर हो रही है। खेती योग्य भूमि का कटाव बढ़ने से किसानों की आजीविका पर गहरा संकट मंडरा रहा है। नदी के प्राकृतिक बहाव में बदलाव आने से बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में पर्यावरणविदों का कहना है कि अंधाधुंध खनन से जलचर जीवों का अस्तित्व भी जहां खतरे में है वहीं भूजल स्तर में भी गिरावट आ रही है। ग्रामीण बताते हैं कि पहले टोंस नदी के किनारे हरे-भरे पेड़ और खेत हुआ करते थे, लेकिन अब जगह जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बरसात के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे बच्चों और मवेशियों के गिरकर मरने का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार मवेशी इन गड्ढों में गिरकर अपनी जान गंवा चुके हैं।

### पुलिस और प्रशासनिक सिस्टम पर उठ रहे सवाल

उल्लेखनीय है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन की जानकारी आखिर सिस्टम को क्यों नहीं है। खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की चुप्पी ही सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है,इसके पीछे कहीं न कहीं मोटी रकम का खेल है जिसके कारण न तो जेसीबी जब्त होती है और न ही ट्रैक्टरों पर कोई कार्रवाई होती है।स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन मौके पर पहुंची टीम सिर्फ खानापूर्ति कर लौट आती है। कुछ घंटों के लिए खनन रुकता है और फिर पहले की तरह शुरू हो जाता है। इससे लोगों का विश्वास भी सिस्टम से पूरी तरह उठता जा रहा है।

## न्यूज झरोखा

### मानव सेवा ईश्वर सेवा के समान होती है, समाजसेवी मिश्रीलाल केसरी

**करछना ।** कुशगढ़ धाम में सामूहिक जनकल्याण हेतु केशरी परिवार की ओर से चल रहे सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन सोमवार को सम्मान समारोह से हुआ। जिसमें पुष्पवर्षा के साथ मौजूद सभी साधु -संतों का अंगवस्त्र भेट करके आयोजक व संयोजक मंडल की ओर से सम्मानित किया गया। कौवा बाजार निवासी इलाके के वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व सदस्य जिला पंचायत मिश्रीलाल केशरी की ओर से कुशगढ धाम का जीर्णोद्धार कराया गया। और नवनिर्मित मंदिर में श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद स्मृति शेष सीता देवी पत्नी मिश्रीलाल केशरी की यादगार में असहाय व गरीब की 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह भी रविवार को संपन्न हुआ। केशरी परिवार के परिजनों की ओर से कन्यादान किया गया। और देर रात्रि में विदाई की गई । वही सामूहिक भोज भी आयोजित हुआ। जिसमें लोगों की भीड़ रही। सोमवार को श्री राम दरबार में राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित भोले शंकर का भव्य श्रृंगार करके सामूहिक रूप से आरती की गई। कार्यक्रम के आयोजक मिश्रीलाल केशरी ने कहा कि जनकल्याण, परोपकार व सेवा एक ऐसा भाव है। जिसे करने वाला भी सुख पाता है। और जिसकी सेवा की जाती है। वह भी सुख पाता है। सेवा से किसी का अहित नहीं होता । बल्कि ही हित ही होता है । और दो अनजान प्राणी प्रेम के बंधन में बंध जाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक जनसेवक धर्म प्रकाश केशरी ने मौजूद लोगों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों के प्रेम और स्नेह से मेरी झोली भर गई। उन्होंने कहा कि की गई भलाई कभी व्यर्थ नहीं जाती है। आयोजक व संयोजक मंडलों में शकुंतला देवी ,छेदीलाल केशरी ,विजय देवी , चिरौंजी लाल केशरी , ओमप्रकाश केशरी, जयप्रकाश केशरी, कुलदीप केशरी , संदीप केशरी, संजय केसरवानी पप्पू, सुजीत केसरवानी, सुमित केसरवानी, ईशु केसरवानी, सक्षम केसरवानी की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया।

### नवाबगंज पुलिस ने पकड़ा गोवंश तस्कर, 4 सांड़ और पिकअप वाहन बरामद




**प्रयागराज ।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने पशु क्रूरता और गोवंश तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर चार सांड़ और पिकअप वाहन बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त और अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पुलिस टीम ने 27 अप्रैल 2026 को बाबा का पूरा उल्दा महेशगंज स्थित बाग के पास अभियुक्त मो0 असद (उम्र करीब 30 वर्ष) को 04 राशि गोवंश और पिकअप वाहन वढ65 खळ 8342 पर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मु0अ0सं0-143/2026, धारा 3/5अ/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम और धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा है, जिसमें पूर्व में भी गोवंश तस्करी और गैंगस्टर एक्ट के मामले दर्ज हैं। बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में चौकी प्रभारी भीष्मनारायण सिंह, उ0नि0 इन्द्रजीत यादव, उ0नि0 ज्ञानमणी त्रिपाठी, उ0नि0 जैकी गौड़ और हे0का0 भानू प्रताप शुक्ला शामिल थे। पुलिस ने कहा कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी।

### नवाबगंज पुलिस ने वांछित दुष्कर्म आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार

**प्रयागराज ।** नवाबगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दुष्कर्म के आरोपी अंगद सरोज (20 वर्ष) को मध्य प्रदेश के भिंड जिले से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-141/2026, धारा 64/352/351(3)/333 भा0न्या0सं0 के तहत मामला दर्ज था।पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर आरोपी वांछित घोषित किया गया था।गिरफ्तारी में नवाबगंज पुलिस टीम के उ0नि0 आकाश सचान (चौकी प्रभारी आनापुर) और का0 जय प्रकाश यादव शामिल रहे। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत किसी भी प्रकार की अपराध गतिविधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### मांडा आंधी चौराहा के समीप भीषण सड़क हादसे में मौत, एक की हालत गम्भीर

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के प्रयागराज-मिजार्पुर मार्ग पर रविवार देर रात मांडा के आंधी चौराहे के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरे एक अप्पे और मालवाहक ऑटो की टक्कर में एक की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन अन्य घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह दुर्घटना रात करीब 11 बजे हुई, जब नैनी से सवारी लेकर मांडारोड आ रहा अप्पे सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में अप्पे सवार मनीष भारतीया उम्र (25) निवासी बबुरा मांडा की मौके पर ही मौत हो गई। दिघिया चौकी के पुलिसकर्मियों ने सभी घायलों को एंबुलेंस से रामनगर सीएचसी भेजा। डॉक्टरों ने मनीष भारतीया को मृत घोषित कर दिया। घायलों में दीपक निषाद डेंगुरपुर मांडा, संजीत भुंडा करछना, अर्जुन कुमार भदोही, अजीत निषाद बिरोही मिजार्पुर और ऑटो चालक अंकित विश्वकर्मा शामिल हैं। दिघिया चौकी प्रभारी विक्की कुमार गुप्ता ने बताया कि सुभाष सिंह उम्र (55) निवासी कमासिन, मिजार्पुर की भी हालत गम्भीर है । सोमवार को शव उनके घर पहुंचने पर परिजनों में शोक छा गया।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा में सख्त निर्देश: हर गांव तक पहुंचे स्वच्छ पानी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने गर्मी को देखते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि अधिक से अधिक गांवों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जहां-जहां विद्युत संयोजन की आवश्यकता है, वहां कार्यदायी संस्थाएं शीघ्र धनराशि जमा करें। अधिशासी अभियंता विद्युत को ऐसे स्थानों पर तत्काल बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जिन योजनाओं में भूमि की समस्या है, वहां मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से एसडीएम स्तर पर बैठक कर जमीन उपलब्ध कराने और अन्य लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने जन सारथी ऐप के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया, ताकि आम लोग जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं आसानी से दर्ज करा सकें।

इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में जल जांच किट (एफटीके) महिलाओं को वितरित की जाए। इस कार्य में डीपीआरओ से समन्वय स्थापित कर तेजी लाई जाए।

# हीट वेव को लेकर अलर्ट : सार्वजनिक स्थानों पर लगें प्याऊ, अस्पतालों में विशेष इंतजाम के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) को देखते हुए अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र ने जनपद में व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जनसामान्य के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा के लिए प्याऊ, वाटर कूलर और चिकित्सीय सुविधाएं तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराई जाएं।अपर जिलाधिकारी ने नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, सभी एसडीएम, नगर मजिस्ट्रेट, खंड विकास अधिकारी और नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ठंडे पेयजल के लिए पर्याप्त प्याऊ लगाए जाएं और प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर व जल टैंकर स्थापित किए जाएं।उन्होंने पेयजल की स्वच्छता और नियमित आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने को कहा है। साथ ही नगर निकायों को जल स्रोतों की नियमित सफाई और रखरखाव के निर्देश दिए गए हैं।स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में हीट वेव से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए विशेष इंतजाम करने को कहा गया है। ओआरएस, ग्लूकोज और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, इमरजेंसी वार्ड में बेड आरक्षित रखने तथा 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा लोगों को लू से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए माइकिंग, पोस्टर, बैनर और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। दोपहर 12 से 4 बजे तक अनावश्यक बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी गई है।अपर जिलाधिकारी ने समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्थानों पर प्याऊ, शर्बत और छाछ का वितरण किया जाए तथा राहगीरों और श्रमिकों के लिए छाया व विश्राम की व्यवस्था की जाए।सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रोजाना की प्रगति रिपोर्ट आपदा अनुभाग को उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।

### मांडा में मारपीट की दो घटनाओं में 12 पर केस दर्ज

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में कुल 12 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी एफआईआर दर्ज की गई है। ये घटनाएं पुरानी रंजिश और मामूली विवाद के चलते सामने आई हैं। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना मांडा खास के निबियरिया गांव में हुई। पीड़ित अशोक सोनकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश के कारण शुकुरु, सोनू, विकास, बृजेश, बुल्ली, संजय, मिथुन और आशीष ने उनके साथ गालीगलौज कर मारपीट की। इसी तरह, पूरा पांडेय गांव की निवासी सोनकली पत्नी लाहुर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि अनिल, पिंटू उर्फ सरोज, पूनम और बंधुलाल ने मामूली विवाद के चलते उनके साथ मारपीट की। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि दोनों पीड़ितों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस इन घटनाओं की गहनता से जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खुल्दाबाद पुलिस ने चोरी के 2 आरोपियों को दबोचा, बरामद हुई पायल-बिछिया और नकद

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल और नकद बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंकुर कुमार (25 वर्ष) और रंजना (46 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को घनश्याम नगर पानी की टंकी के पास आरोपियों को पकड़ लिया गया। उनके कब्जे से 1 जोड़ी पायल (सफेद धातु), 1 जोड़ी नई बिछिया, 1 जोड़ी पुरानी बिछिया (सफेद धातु) और 5500 रुपये नकद बरामद हुए। इस संबंध में मु0अ0सं0 33/2026, धारा 331(4)/305(अ)/317(2) बी0एन0एस0 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की गई। बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में उ0नि0 नीरज कुमार, म0उ0नि0 प्रकाशनी मिश्रा, हे0का0 हरिकेश रत्ना और म0का0 ज्योति पाण्डेय शामिल थे। पुलिस ने कहा कि चोरी की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय छतवा में स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा टीवी उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

## ग्राम पंचायत प्रधान छतवा कंचन मिश्रा ने फीता काटकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ, जांच के बाद बांटी गई निःशुल्क दवाइयां

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ग्राम सभा छतवा के प्राथमिक विद्यालय में टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान छतवा श्रीमती कंचन मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर आरडी सिंह डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ( टीबी) तथा मनोज कुमार, अंकित कुमार,पूजा सिंह,आनंद कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें एक्स-रे मशीन द्वारा टीवी चांच, बीपी और शुगर की जांच शामिल रही। साथ ही जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अभियान के माध्यम से टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और समय पर जांच व उपचार के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी और आशा कर्मियों में अनीता, बिंदु, सुशीला, प्रीती, संजू, मीरा, सुलेमा आदि के अलावा पंचायत कर्मी शिवशंकर मिश्रा, राजबहादुर पाल तथा बड़ी संख्य गांव के ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




छतवा गांव में कार्यक्रम आयोजित जांच के लिए पहुंची टीम

# अभियोजन कार्यों की समीक्षा : गैंगस्टर मामलों में तेज पैरवी के निर्देश, लंबित केस जल्द निपटाने पर जोर

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर सोमवार को कलेक्ट्रेट के संगम सभागार में अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र ने अभियोजन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और अभियोजन से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने गैंगस्टर एक्ट से जुड़े लंबित मामलों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में प्रभावी और समयबद्ध पैरवी सुनिश्चित की जाए, ताकि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके।

उन्होंने कहा कि गैंगस्टर एक्ट के मामलों में साक्ष्यों का सही संकलन, समय पर चार्जशीट दाखिल करना और न्यायालय में मजबूत पक्ष रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए अभियोजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने लंबित मामलों में तेजी लाने और जल्द निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अपराधियों की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न मामलों की प्रगति की जानकारी दी। कम प्रगति वाले मामलों पर नाराजगी जताते हुए अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जेडी अभियोजन ने बताया कि इस माह गिरोहबंद अधिनियम के 6 मामलों का निस्तारण हुआ, जिसमें एक में सजा, एक में रिहाई और चार मामलों में दाखिल दफ्तर की कार्रवाई हुई। वहीं, थाना लालपुर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में तीन अभियुक्तों को 10-10 वर्ष का कारावास और 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना हुआ।

इसके अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत कुल 18 मामलों का निस्तारण किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# बहन की शादी का सामान लेने गए युवक को डंपर ने मारी टक्कर, मौत

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के भुंडा चौकी अंतर्गत धरवारा गांव के तुरकहा मजरे में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। चचेरी बहन की शादी के लिए खरीदारी कर लौट रहा युवक डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान रविवार की रात उसने दम तोड़ दिया।धरवारा गांव के तुरकहा मजरे निवासी आशीष सिंह (22) पुत्र रामासरे सिंह 24 अप्रैल को अपनी चचेरी बहन की शादी के लिए एक साथी के साथ बाइक से कोहड़ार बाजार खरीदारी करने गए थे। शाम को लौटते समय पुल के पास एक डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आशीष के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना पर परिजन उसे शहर के अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान रविवार रात उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और किसी भी प्रकार की कार्रवाई से मना कर दिया।आशीष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी तीन बहनें हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरैसा विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी**

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत बरैसा विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 28 अप्रैल 2026 से 05 मई 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 06 मई 2026 को दिन में 12:00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

**कलावती**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बरैसा**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी**

**लक्ष्मी नारायण**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत बरैसा**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी**

# मानव स्वास्थ्य की संरक्षा में डॉ. अलका तिवारी का योगदान अविस्मणीय : एसडीएम

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर एवं राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की धर्मपत्नी जानी मानी चिकित्साविद डा0 अलका तिवारी की चैदहवीं पुण्यतिथि पर सोमवार को विविध आयोजन हुये। तहसील सभागार में चिकित्सा विज्ञान पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। वहीं सांगीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. अलका तिवारी स्मृति निःशुल्क नेत्र शिविर का भी आयोजन किया गया। डा0 अलका क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की माँ भी थी। तहसील सभागार में हुयी संगोष्ठी का शुभारंभ जगत गुरू प्रपन्नाचार्य अवधेश जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व महाराज एवं पूर्व एसीएमओ डॉ. आरएस त्रिपाठी व पूर्व निदेशक डॉ. वकील अहमद एवं डॉ. नीरज शुक्ला ने डा0 अलका के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने पैरामेडिकल स्टाफ की प्रशिक्षु आस्था सिंह, रिया, करीना सरोज, अन्तिमा यादव, नर्मता वर्मा, प्राची विश्वकर्मा, सिद्धि मिश्रा व जगत गुरू प्रपन्नाचार्य अवधेश जी महाराज को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में डा. अलका के योगदान एवं अनुसंधान पर आयोजित व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि मानव स्वास्थ्य की संरक्षा में डॉ. अलका तिवारी का चिकित्सीय योगदान एवं शोधप्रबंधन अविस्मरणीय रहेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी ने कहा कि डा0 अलका अपने मरीजों की देखभाल के साथ चिकित्सीय सेवा को लेकर सदैव सजग रहा करती थी। विशिष्ट अतिथि युनानी सेवाओं के पूर्व निदेशक डॉ. वकील अहमद ने कहा कि डा0 अलका के दूरदर्शी संकल्पों से लालगंज का ट्रामा सेण्टर आज क्षेत्र के गरीबों व संसाधनविहीन तबके के लिए आकस्मिक चिकित्सा का वरदान है। विशिष्ट अतिथि नोती के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. नीरज शुक्ला ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रोफेसर डा0 अलका का शोध प्रबन्धन मेधावियों के लिए ज्ञानवर्धक है। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डा. अलका तिवारी के चिकित्सीय सेवाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। आभार प्रदर्शन सहसंयोजक समाजसेवी पप्पू तिवारी ने किया। समारोह में सभासद राजेश तिवारी, शासकीय अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी, सपा नेता टीपी यादव, अनूप पाण्डेय, कालिका प्रसाद पाण्डेय ने भी डा. अलका तिवारी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वहीं सांगीपुर सीएचसी परिसर में डा. अलका तिवारी की स्मृति में सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का संयोजन आशीष उपाध्याय व दुर्गेश पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य डा. अमिताभ शुक्ल ने किया। इस मौके पर बेनी लाल शुक्ल, रामलोचन त्रिपाठी, अशोकधर द्विवेदी, दिनेश मिश्र, बालेन्द्र त्रिपाठी, आभा त्रिपाठी, मुरलीधर तिवारी, सभासद पन्ने लाल पाल, जगदीश नारायण तिवारी, रामू मिश्रा, सालिक तिवारी, मनीष मिश्र फौजी, दीपेन्द्र तिवारी आदि रहे।

## दुर्घटना में युवक की मौत, अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में घायल ईरिक्शा चालक की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के रघवापुर निवासी सुशील कुमार पाण्डेय ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस अप्रैल की शाम करीब छह बजे उसका भतीजा पच्चीस वर्षीय सौरभ पाण्डेय पुत्र अनिल कुमार अपने ईरिक्शा से बाबूगंज से सवारी लेकर सगरासुन्दरपुर जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि डिहवा के पास सामने से आ रहे अज्ञात टैज्क्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे घायल सौरभ पाण्डेय की मौत हो गयी। वहीं ईरिक्शा में बैठा प्रेम वर्मा पुत्र मिट्ठू लाल वर्मा निवासी शिवबक्स का पुरवा लालगंज घायल हो गया है। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात टैज्क्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### मानसिक दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए अनुदान योजना, 30 जून तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा मानसिक रूप से मंदित एवं मानसिक रूप से बीमार निराश्रित दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र तथा मानसिक चिकित्सालयों से उपचारित होकर स्वस्थ हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ एवं लॉन्ग स्टे होम के संचालन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं से अनुदान प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सुनिश्चित करना है, जिसके लिए सरकारी प्रयासों के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र संस्थाएं निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक एवं योग्य स्वैच्छिक संस्थाएं वित्तीय वर्ष 2026-27 में इन योजनाओं के संचालन हेतु अपने प्रस्ताव आवश्यक प्रपत्रों सहित तीन प्रतियों में 30 जून 2026 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रतापगढ़ के कार्यालय कक्ष संख्या 25 में जमा कर सकती हैं।

### वांछित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने घर में चोरी समेत कई वारदातों में शामिल वांछित आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के जेवरात व नकदी की बरामदगी भी की है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने घर में चोरी आदि वारदातों के वांछित आरोपी गौरव उर्फ आशीष मिश्र पुत्र काशी प्रसाद मिश्र निवासी हुलासगढ़ पूरे नोती को कस्बे से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सोने का जेवरात व सात हजार की नकदी की बरामदगी भी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट, चोरी समेत पांच मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया हैं।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 30 अप्रैल को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग साहब सरन ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक दिनांक 30 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 4 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में आयोजित की जायेगी।

### जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर विधवा से मारपीट

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे खिरोधर गांव में आबादी की जमीन पर कब्जे का विरोध करना एक विधवा महिला को महंगा पड़ गया। दबंग पड़ोसियों द्वारा की गई मारपीट में महिला घायल हो गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी धर्मावती पत्नी स्वर्गीय ननकू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे उनके पड़ोसी उनकी आबादी की जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करा रहे थे। जब वह इसका विरोध करने पहुंचीं तो आरोप है कि दबंगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें लात-घूंसों से जमकर पीट दिया। मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने सोमवार सुबह करीब 11 बजे कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में हल्का दरोगा विजय कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पड़ोसियों पर रंजिशन उत्पीड़न का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के ठेगुआ गांव निवासी लालजी प्रजापति पुत्र रामशरन प्रजापति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसियों द्वारा रणजीत सिंह उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है और फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकियां दी जा रही हैं उनके घर आगामी 5 मई को वैवाहिक कार्यक्रम है उक्त लोगों की हरकतों के चलते वैवाहिक कार्यक्रम में भी अवरोध उत्पन्न हो रहा है मामले में पीड़ित ने पुलिस समेत उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# चार जिंदा देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पट्टी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 4 जिंदा देशी बम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो. समीर उर्फ गामा पुत्र अब्दुल करीम, निवासी ग्राम दशरथपुर थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार तथा क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उपनिरीक्षक शुभम सिंह, आरक्षी सर्वेश कुमार और आरक्षी विपिन यादव द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी क्षेत्र के नहर पुलिया ग्राम कोहराव के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 4 अदद जिंदा देशी बम बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर थाना पट्टी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

बताया गया कि 23 अप्रैल 2026 को ग्राम दशरथपुर की एक महिला ने थाना पट्टी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके घर में घुसकर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया।इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 333, 74, 351(3) बीएनएस, एससी/एसटी एक्ट तथा 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत पहले से मुकदमा दर्ज था। अब विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत नई कार्रवाई के बाद आरोपी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

## पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत



**प्रतापगढ़।** बारात जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर गांव निवासी अमन सरोज (25) पुत्र राजेश सरोज बीती रविवार की देर रात बाइक से बारात जा रहा था। देवरी बाजार के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने घायल अमन सरोज को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। उदयपुर पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# जनगणना प्रशिक्षण का एडीएम ने किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण का सोमवार को अपर जिलाधिकारी व एएसपी पश्चिमी ने निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति व एएसपी पश्चिमी वृजनंदन राय निरीक्षण को लेकर हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अफसरों ने प्रशिक्षकों से जनगणना की प्रक्रिया, प्रारूप व कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी साझा की। वहीं निष्ठापूर्ण जनगणना कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग और गोपनीयता, डेटा इन्ट्री की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारियां दी। इस मौके पर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तहसीलदार गरिमा वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर संग्रामगढ़ रविशंकर उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# प्रधान ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



**कुंडा।** बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ढिंगवश ग्राम पंचायत में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनीमोनी द्वारा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी ने सभी मेधावी बच्चों को बुलाकर उनका मुंह मीठा कराया तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। हाईस्कूल परीक्षा में दिव्य त्रिपाठी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सूर्यांश द्विवेदी ने 86 प्रतिशत एवं नैतिक पटेल ने 84.83 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इंटरमीडिएट में विकास सरोज ने 81.4 प्रतिशत, रूबी प्रजापति ने 80.4 प्रतिशत तथा श्रेया सिंह ने 74.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी द्वारा प्रथम पुरस्कार के रूप में दिव्या त्रिपाठी को साइकिल, द्वितीय पुरस्कार के रूप में सूर्यांश द्विवेदी को कूलर एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में नैतिक पटेल को छत वाला पंखा प्रदान किया गया। इसके अलावा ढिंगवश ग्राम पंचायत के परीक्षा उत्तीर्ण अन्य सभी छात्र-छात्राओं को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सरोज, अधिवक्ता अजय यादव, प्रधान रज्जन, सज्जन प्रधान, शिवभूषण मिश्रा, इंद्रमणि, गोलू बिलौरा, आद्या प्रसाद, रघुवंश मण्डल त्रिपाठी, इंद्रमण्डल त्रिपाठी, मुकेश सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनीमोनी ने कहा कि बच्चों की यह उपलब्धि पूरे ढिंगवश ग्राम पंचायत के लिए गौरव का विषय है। शिक्षा के क्षेत्र में होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहेंगे। क्षेत्रवासियों ने ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनीमोनी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि प्रधान जी के नेतृत्व में गांव लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है।

## जिले में मई-जून 2026 के लिए न्यायालयों का समय बदला

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय ने बताया है कि माह मई और जून 2026 के दौरान जिले के सभी सिविल, आपराधिक एवं सत्र न्यायालयों के कार्य समय में बदलाव किया गया है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश और जिला बार एसोसिएशन, वकील परिषद और जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) द्वारा सहमति के आधार पर लिया गया है। आदेश के मुताबिक मुख्यालय पर स्थित सभी सिविल, आपराधिक और सत्र न्यायालय जिसमें कुंडा, लालगंज अजहारा स्थित बाहरी न्यायालय और पट्टी स्थित ग्राम न्यायालय में अदालतों का संचालन सुबह 7 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक किया जाएगा। वहीं कार्यालय का समय सुबह 6.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक होगा (जिसमें पूर्वान्ह 10.30 बजे से 11 बजे तक मध्यावकाश रहेगा)। यह नया समय 1 मई 2026 से प्रभावी होगा।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के प्रथम चरण में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पट्टी।** तहसील क्षेत्र में ह्लगौ सम्मान आह्वान अभियानह्व के प्रथम चरण के अंतर्गत क्षेत्र के जागरूक नागरिकों, गौ भक्तों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा एक शांतिपूर्ण एवं गरिमामयी यात्रा निकालकर उपजिलाधिकारी पट्टी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर गौ माता के प्रति अपनी आस्था, श्रद्धा और संरक्षण के संकल्प को व्यक्त किया। यह यात्रा रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप से प्रारंभ होकर पट्टी तहसील परिसर तक पहुंची। यात्रा के दौरान ह्लगौ माता की जयह्व और ह्लगौमाता-राष्ट्रमाताह्व के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्साहपूर्ण वातावरण में सराबोर हो गया। लोगों ने गौ सेवा, संरक्षण और सम्मान के समर्थन में एकजुटता दिखाई। यात्रा के उपरांत उपस्थित नागरिकों ने उपजिलाधिकारी पट्टी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ संरक्षण के लिए प्रभावी और सख्त कानून बनाए जाने की मांग की गई।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में गौ सेवा, संरक्षण और सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा समाज में जनजागरण फैलाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, शांति और गरिमा का विशेष ध्यान रखा गया।यह आयोजन समाज में गौ माता के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने तथा जनजागरण का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।कार्यक्रम में विभाग के गौ रक्षा प्रमुख विनय तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नागेंद्र मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री राम चरित्र वर्मा, गौ गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक राजा सक्षम सिंह योगी, आरएसएस खंड विस्तारक सुरेंद्र जी, जिला संयोजक विश्व हिंदू परिषद अंबिकेश तिवारी, परशुराम सेना अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, रमेश सोनी, वतन तिवारी, विकास सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक प्रिंस बरनवाल, सह संयोजक विनय सिंह भाटी, सभासद गौरव श्रीवास्तव, सभासद मुन्ना जी, अरविंद तिवारी, राहुल वर्मा, अमित पांडेय, सूर्यांश समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग दुर्घटना में सात घायल

**लालगंज।** दो अलग अलग मार्ग दुर्घटना में सात लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भिजवाया गया। लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर गांव की चैबीस वर्षीय प्रिया सिंह सोमवार की सुबह रानीगंज कैथौला से इलाज कराकर स्कूटी से अपनी मां साठ वर्षीय रेखा सिंह को लेकर घर लौट रही थी। इसी बीच रायपुर चैराहे पर पीछे से ईरिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे मां बेटी घायल हो गये। आस पास के लोगों ने उन्हें इलाज के लिए नजदीक के निजी अस्तपाल भेजवाया। वहीं दूसरी घटना में दो बाइक की भिड़न्त में पांच लोग घायल हो गये। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे नंदन बाबूगंज निवासी पचीस वर्षीय अजय वर्मा पुत्र गुरूदीन वर्मा बाइक से अपने भतीजे सोलह वर्षीय मनीष वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा के साथ रिश्तेदारी जा रहा था। इधर फतेहपुर जनपद के मानपुर सिहारी निवासी बीस वर्षीय मूरत गुप्ता पुत्र लच्छू प्रसाद अपनी भांजी पूजा गुप्ता व भतीजे किशन को बाइक से लेकर प्रतापगढ़ शहर से घर लौट रहा था। मूरत गुप्ता अपनी भांजी को होमगार्ड की परीक्षा दिलाने लाया था। लीलापुर थाना के हण्डौर चैराहे के समीप आमने सामने दोनों बाइक की टक्कर हो गयी। जिसमें बाइक सवार सभी पांच लोग घायल हो गये। घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की बात कही है।

# इस्तीफे के बाद नई एल्डर कमेटी का हुआ गठन




**पट्टी।** सोमवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक पट्टी तहसील सभागार में बार अध्यक्ष अनिल सिंह की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा होने पर एल्डर कमेटी के समक्ष निर्वाचित कमेटी के साथ अपना इस्तीफा सौंपा। उनके इस कदम की वहां उपस्थित अधिवक्ताओं ने भूरी भूरी प्रशंसा की। इस दौरान अधिवक्ताओं का कहना है कि पूर्व में कई अध्यक्ष ऐसे रहे हैं जिनका कुर्सी का मोह किसी से छुपा नहीं है। बैठक में वकालतनामा से होने वाली आय का भी मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस दौरान 10 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का नाम एल्डर कमेटी में शामिल होने के लिए बार अध्यक्ष अनिल सिंह ने अधिवक्ताओं के समक्ष रखा। जिनमे वरिष्ठ अधिवक्ता अच्छे लाल ओझा कमलेश शुक्ल शीतला प्रसाद सिंह जीपी गुप्ता हर्ष नारायण सिंह अजीत सिंह समेत 6 लोगों के नाम पर अधिवक्ताओं ने अपनी सहमति जाहिर की। वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने इन अधिवक्ताओं से जब एल्डर कमेटी में कार्य करने पर सहमति के विषय में पूछा तो बैठक में मौजूद 6 अधिवक्ताओं ने अपनी सहमति दे दी। एल्डर्स कमेटी में मौजूद अजीत सिंह ने बताया कि पूर्व की कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया है। अध्यक्ष अपनी कमेटी के साथ इस्तीफा दे दिए हैं नई कमेटी के गठन तक वर्तमान कमेटी पूर्व की भांति अपना कार्य करती रहेगी। चुनाव की पूरी व्यवस्था कमेटी की देखरेख में संपन्न किया जाएगा कोई भी निर्णय लेने के लिए कमेटी स्वतंत्र होगी। बैठक में महामंत्री प्रमोद सिंह, के राम, पूर्व अध्यक्ष राधा रमण मिश्र, अशोक श्रीवास्तव, वरुण पांडे बंटी सूरज सिंह, विपिन सिंह, नंदन चतुर्वेदी रण विजय सिंह राकेश खरे अमरीश त्रिपाठी केशव पांडे दिनेश सिंह राजकुमार वर्मा समेत पट्टी तहसील के सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पट्टी-ढकवा मार्ग पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से युवक सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर, चेहरे, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सीएचसी पट्टी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, तहसील क्षेत्र के पलिहरा गांव निवासी अमित पाल (26) पुत्र राजेंद्र पाल शनिवार दोपहर करीब 2 बजे बाइक से पट्टी कस्बा की ओर आ रहा था। जैसे ही वह भदवछ चैराहे के समीप पहुंचा, तभी पीछे से आए एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी लाया गया। सीएचसी पट्टी की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि युवक के नाक और सिर पर गहरी चोटें आई हैं तथा लगातार खून का रिसाव हो रहा था। हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही घायल युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां चीख-पुकार और चिंता का माहौल बना रहा। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# लिव इन रिलेशन में रहते हुए की गई महिला की हत्या, दो गिरफ्तार

## कोखराज थाना क्षेत्र में 12 दिन पहले बक्से में मिली महिला की लाश का खुलासा

अखड भारत संदेश



**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 12 दिन पहले 15 अप्रैल को हाईवे किनारे बक्से में अज्ञात महिला उम्र 30 वर्ष का शव मिला था महिला के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है महिला अमेठी की रहने वाली है और उसको झांसा देकर कानपुर के एक युवक ने उसके मंदिर में शादी कर ली थी और उसे अपनी पत्नी बना कर अपने साथ रख लिया था लेकिन बाद में महिला से पीछा छुड़ाने के लिए युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर महिला की हत्या कर लाश को कौशांबी में ठिकाने लगा दिया था करीब 12 दिन तक चली गहन जांच,इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के निर्देशन में तीन टीमों का गठन किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों की मदद से साक्ष्य जुटाए।सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम खोजवापुर के पास संदिग्ध कार (संख्या वढ78लङ3718) को रोककर तलाशी ली गई। कार में सवार हर्ष खियानी उर्फ बिट्टू निवासी दबौली,कानपुर नगर और यश गुप्ता निवासी यशोदा नगर, कानपुर नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई,जिसमें दोनों ने महिला की हत्या कर शव को बक्से में भरकर फेंकने की बात स्वीकार की।आरोपियों की निशानदेही पर बरीपुर रोड स्थित नाले के पास से एक हैंडबैग बरामद किया गया। बैग में मिले आधार कार्ड,पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों से मृतका की पहचान मोनी वर्मा निवासी अमेठी के रूप में हुई।मुख्य आरोपी हर्ष खियानी ने पूछताछ में बताया कि मृतका उसकी दूसरी पत्नी थी,जिससे उसने परिवार से छिपाकर मंदिर में शादी की थी और वह शारदा नगर में किराये के कमरे में उसके साथ रहता था। पहली पत्नी उसके परिवार के साथ रहती है। मृतका द्वारा घर ले जाने के दबाव बनाने पर उसने समाज में बदनामी के डर से हत्या की योजना बनाई।आरोपी ने बाजार से बक्सा, कुनैन की गोलियां और पॉलीथीन खरीदी थी। 15 अप्रैल को उसने महिला का गला उसी के स्टॉल से दबाकर हत्या कर दी और शव को बक्से में बंद कर दिया। इसके बाद यश गुप्ता को साथ लिया और दोनों ने शव को कार से लाकर कौशाम्बी हाईवे किनारे फेंक दिया। पहचान छिपाने के उद्देश्य से महिला का बैग भी झाड़ियों में फेंक दिया गया था।पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई पूरी कर ली है और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

## रेलवे स्टेशन के पास युवक का मिला शव



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन भरवारी के पास खंभा संख्या 861/06-08 डाउन लाइन पर सोमवार सुबह एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया युवक की मृत्यु ट्रेन की चपेट में आने से होना प्रतीत हो रहा है। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किया जाएगा। फिर हाल पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक का उम्र लगभग 35 वर्ष है पहनावा गहरा नीला टी-शर्ट एवं पैंट पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस अज्ञात युवक के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## खेत में मिला महिला का रक्त रंजित शव



**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ पावर हाउस के पास टाटा मोटर्स के पीछे खेत में सोमवार की शाम 5:00 बजे लगभग एक महिला लगभग उम्र 35 वर्ष का रक्त रंजित शव मिला है जैसे ही खेत में महिला का शव ग्रामीणों ने देखा हड़कंप मच गया मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन तमाम प्रयास के बाद महिला की पहचान नहीं हो सकी है महिला के नाक से खून बह रहा है उसने काले रंग की साड़ी पहनी हुई है ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि महिला की हत्या के करने के बाद शव को खेत में फेंका गया है पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत इच्छुक पंजीकृत स्वैच्छिक संस्था ट्रस्ट परियोजनाओं कार्यक्रमों के संचालन के लिए करें आवेदन

**कौशांबी।** जिला दिव्यांगजन सशक्ती करण अधिकारी विकास वर्मा ने अवगत कराया है कि निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अधीन पंजीकृत गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थायें/ट्रस्ट द्वारा अली इण्टरवेंशन सेण्टर, डे-केयर सेण्टर/ प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल स्तर के विशेष विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेड तथा न्यूनतम 02 ट्रेड) एवं पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों के संचालन में सहायता अनुदान देते हुए योजना के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया है कि जनपद में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत इच्छुक पंजीकृत स्वैच्छिक संस्था/ ट्रस्ट इन परियोजनाओं/ कार्यक्रमों के संचालन के लिए निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण कर हाडकॉपी 02 प्रतियों में दिनांक 25 मई, 2026 तक विकास भवन में कक्ष संख्या-18 स्थित उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। योजना का विस्तृत विवरण एवं प्रारूप विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड अथवा उनके कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# बाइक सवार को तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर दर्दनाक मौत

## बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हुई पिकअप सड़क पर पलट गई



**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चंदवारी मोड़ के पास बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक की दुर्घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है बाइक को टक्कर मारने के बाद पिकअप चालक अनियंत्रित हो गया और पिकअप सड़क पर पलट गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना की जानकारी जैसे ही घर परिवार को मिली रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गनसारी गांव निवासी मोहम्मद जाकिर उम्र लगभग 30 वर्ष मुन्ना मियां ट्रक चालक है सोमवार को पेट्रोल टंकी में ट्रक खड़े करके बाइक से वह अपने घर जा रहे थे जैसे ही मूरतगंज के चंदवारी मोड़ के पास पहुंचे और सड़क क्रॉस करने लगे इसी बीच तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी पिकअप की टक्कर से बाइक समेत वह सड़क पर पड़े और तड़पने लगे देखते देखते घटनास्थल पर उनकी दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे दुर्घटना की जानकारी थाना और चौकी पुलिस को दी गई मौके पर मूरतगंज चौकी पुलिस पहुंची और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है और रोते बिलखते परिवार घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

## विकलांग साइकिल से जा रहे विकलांग को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर मौत



**हररायपुर कौशांबी।** शरीर से विकलांग वृद्ध व्यक्ति सोमवार की सुबह विकलांग साइकिल से घर की ओर जा रहा था जैसे ही विकलांग व्यक्ति संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बजहा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने विकलांग साइकिल में टक्कर मार दी जिससे विकलांग सड़क पर गिर गया और घटनास्थल पर तड़प तड़प कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन समेत फरार हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के निधियावा चकिया गांव निवासी राम आसरे उम्र 65 वर्ष पुत्र ननकू लाल शरीर से विकलांग है विकलांग साइकिल लेकर सोमवार की सुबह वह घर की ओर जा रहे थे जैसे ही संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बजहा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर वह पहुंचे विकलांग की साइकिल में ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे विकलांग की साइकिल सड़क पर पलट गई है और विकलांग गंभीर घायल हो गया है दुर्घटना स्थल पर तड़प तड़प कर उसकी मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने विकलांग वृद्ध व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### होमगार्ड्स एनरोलमेंट परीक्षा को शुचितापूर्ण शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का डीएम ने लिया जायजा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने सोमवार को उ.प्र. होमगार्ड्स एनरोलमेंट परीक्षा को शुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्र एस.ए.वी. इंटर कॉलेज सैनी सहित अन्य केन्द्रों का भ्रमण कर का जायजा लिया जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट से परीक्षार्थियों की संख्या एवं सीसीटीवी निगरानी की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा को शुचितापूर्ण,शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराई जाए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ से कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत पेयजल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखी जाए,ताकि किसी भी परीक्षार्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र कुमार तिवारी व संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### एसपी ने की जनसुनवाई फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा दिनांक 27.04.2026 को आमजनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए।

### बुकिंग के बाद 15 दिन तक गैस सिलेंडर रिफिल ना होने से हजारों ग्राहक परेशान

**कौशांबी।** सरकार भले ही दावा कर रही होगी गैस सिलेंडर की समस्या नहीं है लेकिन कौशांबी जिले में गैस सिलेंडर की रिफिल से उपभोक्ता परेशान है सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग के बाद 15 दिनों तक उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर रिफिल नहीं हो पाते हैं जिससे उपभोक्ताओं के घर में समस्याएं खड़ी हैं गैस सिलेंडर की समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदार गंभीर नहीं है जिले के सिराथू तहसील के गंभीरा पूरब गांव स्थित बाबा बैजनाथ गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं को ऑनलाइन गैस सिलेंडर बुकिंग करने के बाद सिलेंडर का रिफिल नहीं मिल पाता है जिससे हजारों उपभोक्ता परेशान है इस संबंध में जब बाबा बैजनाथ गैस एजेंसी संचालक से बात की गई तो उसका कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग के 15 दिन बाद ही सिलेंडर रिफिल हो पाता है जिले के अन्य गैस एजेंसी में भी गैस सिलेंडर रिफिल के लिए बुकिंग करने के बाद कई कई दिन उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर रिफिल नहीं हो पाते हैं जिससे गैस उपभोक्ताओं के सामने मुसीबत खड़ी है इस संबंध में जब जिला पूर्ति अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने भी कहा कि गैस सिलेंडर बुकिंग के 15 दिन बाद ही सिलेंडर रिफिल हो पाता है अब सवाल उठता है कि गैस की समस्या नहीं होती तो ऑनलाइन बुकिंग के 15 दिन बाद तक उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए क्यों इंतजार करना पड़ता है हालांकि शासन प्रशासन गैस सिलेंडर की बुकिंग की समस्या से इनकार कर रहा है।

### सिपाही पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** सराय अकिल थाना की चौकी तिल्हापुर पर नियुक्त आरक्षी गोविन्द बाबू पर 23.04.2026 को ग्राम नन्दा का पुरवा में जाँच के दौरान सुग्गन उर्फ ठर्रू पुत्र दुबे निषाद द्वारा हसिये से गर्दन पर वार कर दिया,जिससे आरक्षी द्वारा बचने का प्रयास किया गया तो हसिया बाएं कंधे में घुस गया एवं आरक्षी को गम्भीर चोट आयी । घटना के उपरांत अभियुक्त जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया था थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 100/26 धारा 109/118(1)/121(1)/121(2)/132/ 352/351(3) बीएनएस पंजीकृत हुआ घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना सराय अकिल को निर्देशित किया उपरोक्त क्रम में दिनांक 26.04.2026 को थाना सराय अकिल पुलिस ने घटना से सम्बन्धित अभियुक्त सुग्गन उर्फ ठर्रू पुत्र दूबे निषाद निवासी ग्राम नन्दा का पुरवा थाना सराय अकिल को नन्दा का पुरवा पीपा पुल के पास से गिरफ्तार किया अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक हसुआनुमा औजार बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### 10 दिन पूर्व गायब युवती का नहीं लगा सुराग

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के लाटपुर गांव से एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सुषमा देवी नाम की युवती को उसके ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि युवक की मां आए दिन उसके साथ मारपीट करती थी,वहीं पति मनोज पुत्र राजेंद्र प्रसाद फोन पर गाली-गलौज कर धमकाता था।बताया जा रहा है कि 16 अप्रैल को हुई मारपीट के बाद से युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। परिजनों ने थाना में सूचना दी,लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका है।अब सवाल उठता है कि क्या घरेलू उत्पीड़न से परेशान होकर युवती घर छोड़कर चली गई या उसके साथ कोई अनहोनी हो गई? फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### हर्ष फायर करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लाइसेंसी शस्त्र व कारतूस किए गए जब्त

**महेवा घाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 26.04.2026 को थाना क्षेत्र अंतर्गत जजौली गांव में हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच की गयी तो ज्ञात हुआ कि उक्त वीडियों दिनांक 24.04.2026 को गुलाबचन्द्र पुत्र धर्मनारायण निवासी ग्राम जजौली थाना पश्चिम शरीरा के बेटे के बरुआ कार्यक्रम का है कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा हर्ष फायर किया गया था। हर्ष फायरिंग में प्रयुक्त लाइसेंसी बन्दूक 12 बोर, 02 खोखा कारतूस एवं 14 जिंदा कारतूस बरामद करते हुए जब्त किए गए तथा इस सम्बन्ध में नियमानुसार थाना पश्चिम शरीरा पर मु0अ0सं0 77/2026 धारा 288 बीएनएस व 30 आर्म्स एक्ट पंजीकृत हुआ एवं अभियुक्त गुलाबचन्द्र उपरोक्त को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की गई ।

# बिजली की केबिल से लटकता मिला किशोरी का शव

## परिजन करने जा रहे थे अंतिम संस्कार,पहुंच गई पुलिस, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अखंड भारत संदेश



**महेवाघाट कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोइली का पुरवा मजरा पूरब सरावां गांव में बिजली की केबिल से लटकता हुआ किशोरी का शव मिलने से हड़कंप मच गया,किशोरी की मौत के बाद परिजन उसके शव का अंतिम संस्कार करने ले जा रहे थे तभी पुलिस के मुखबिर ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी सूचना पर पुलिस पहुंच गई और किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोइली का पुरवा मजरा पूरब सरावां गांव की किशोरी सुमन उम्र 14 वर्ष पुत्री बोधराज का बिजली के केबल से लटकता हुआ शव मिला है,बताया जा रहा है कि किशोरी मानसिक रूप से बीमार रहती थी और इसी के चलते उसने आत्महत्या कर लिया है किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन किशोरी के शव का अंतिम संस्कार करने ले जा रहे थे,तभी पुलिस मुखबिर ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी,मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है।

# ओवरलोड बालू डंपरों के आगे बेबस सिस्टम बेखौफ हुए बालू माफिया

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और ओवरलोड डंपरों का खेल अब खौफनाक रूप ले चुका है। बिना नंबर प्लेट,नियमों को दरकिनार कर और क्षमता से कई गुना ज्यादा बालू लादकर दौड़ रहे डंपर सड़कों को ह्यमौत का कॉरिडोरह्न बना रहे हैं। हर गुजरता ट्रक हादसे की आशंका को और गहरा कर रहा है।स्थानीय लोगों के मुताबिक,दिन-रात डंपरों की आवाजाही लगातार जारी है। कई जगहों पर ये भारी वाहन गांवों के अंदर तक घुस रहे हैं,जिससे सड़कें टूट रही हैं और आम लोगों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्कूली बच्चों,बुजुर्गों और दोपहिया सवारों के लिए ये डंपर किसी चलती-फिरती आफत से कम नहीं हैं।लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो नियमित चेकिंग हो रही है और न ही ओवर लोडिंग पर प्रभावी कार्रवाई दिखाई दे रही है। कई बार छोटे-बड़े हादसे सामने आ चुके हैं,लेकिन जिम्मेदार विभागों की तरफ से ठोस कदम नहीं उठाए गए। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या सिस्टम की चुप्पी ही माफियाओं की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है। ग्रामीणों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। उनका कहना है कि अगर जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और भयावह हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए,ओवरलोड डंपरों पर कड़ी कार्रवाई हो और क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए अब नजरें प्रशासन पर टिकी हैं क्या जिम्मेदार समय रहते जागेंगे या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही सिस्टम हरकत में आएगा।

# किसानों से गेहूं तौल की आड़ में साढ़े पांच हजार कुंतल गेहूं किसानो का लूट करने की विभाग ने बनाई योजना

अखंड भारत संदेश

**गेहूं खरीद में खुलेआम एक कुंतल में एक किलो की लूट बन गई विभाग की परंपरा, पौने दो करोड रुपए किसानों से गेहू तौल के नाम पर लूट किए जाने के मामले में जिला विपणन अधिकारी गंभीर नहीं है**

**कौशाम्बी।** गेहूं खरीद केदो में किसानों के गेहूं तौल में खुलेआम प्रति कुंतल एक किलो की लूट केंद्र प्रभारी के संरक्षण में प्रतिदिन हो रही है 50 किलो गेहूं की बोरी में 400 ग्राम वजन की बोरी के साथ 51 किलो गेहूं की तौल गेहूं खरीद केदो में खुलेआम की जा रही है।

जिले में 5 लाख 54 हजार कुंतल गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसके लिए 43 गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए हैं दो बोरी में एक कुंटल में दो किलो की अधिक तौल हो रही है दो बोरी का वजन लगभग साढ़े आठ सौ ग्राम के बदले दो किलो गेहूं अधिक तौल किया जा रहा है किसानों से गेहूं तौल की आड़ में लगभग साढ़े पांच हजार कुंतल गेहूं किसानों का लूट करने की विभाग ने योजना बनाई है यदि साढ़े पांच हजार कुंतल गेहूं की बाजार की कीमत जोड़ी जाए तो एक करोड़ 80 लाख रुपए की सीधा-सीधा किसानों से अधिक तौल की जा रही है पौने दो करोड रुपए किसानों से गेहूं तौल के नाम पर लूट किए जाने के मामले में जिला विपणन अधिकारी गंभीर नहीं है केंद्र प्रभारी के संरक्षण में खुलेआम अधिक गेहूं तौल के मामले में अभी तक किसी भी केंद्र प्रभारी पर किसानों के शोषण अधिक वजन तौल करने के मामले में केंद्र प्रभारी पर मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है केंद्र प्रभारियों को केंद्र से हटाया नहीं गया है किसानों का शोषण करने वाले किसी केंद्र प्रभारी को गिरफ्तार करके जेल नहीं भेजा गया है जिससे गेहूं खरीद व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर किसके संरक्षण में गेहूं खरीद केदो में प्रति कुंतल एक किलो गेहूं की अधिक तौल की जा रही है किसानों का अधिक गेहूं तौल करने के मामले में शासन प्रशासन ने जांच कराई तो जिला खाद्य एवं विवरण अधिकारी और उनके मातहत अधिकारियों के भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा होगा एक कुंटल गेहूं में एक किलो अधिक गेहूं तौल करने के मामले में किसानों ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यान आकर्षित करते हुए गेहूं खरीद में अधिक तौल की आड़ में किसानों का शोषण करने वाले अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराकर निलंबित किए जाने और गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

## गेहूं खरीद सत्यापन में लेखपालों के आतंक से किसान परेशान

**कौशांबी।** सरकारी गेहूं खरीद केदो में किसानों की गेहूं खरीद 01 अप्रैल से शुरू हो गई है अधिकतर किसानों की फसलें तैयार हो चुकी है और किसान अपनी फसल को बेचने के लिए उत्साहित है तमाम किसानों के घरों में शादी विवाह का कार्यक्रम है जिससे फसल बेचकर धन अर्जित कर शादी विवाह आदि कार्यक्रम किसान करना चाहते हैं लेकिन उन्हें समय पर उनकी उपज का भुगतान नहीं मिल रहा है पहले तो किसान गेहूं खरीद केंद्र के अधिकारियों की तानाशाही से परेशान है गेहूं खरीद केंद्र के अधिकारियों की तानाशाही से किसानों को किसी तरह से निजात मिली तो लेखपाल किसानों को परेशान करने लगते हैं गेहूं बिक्री के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है और जब किसान गेहूं बिक्री के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर देते हैं तो उसके बाद लेखपाल के सत्यापन के बाद ही खरीद केदो में गेहूं की बिक्री होगी लेकिन पंजीयन कराए जाने के बाद लेखपाल सत्यापन नहीं कर रहे हैं उसके बदले में किसानों को परेशान कर वसूली करना चाहते हैं जिससे पंजीयन का सत्यापन न होने से किसानों के गेहूं की तौल गेहूं खरीद केंद्र में नहीं हो पा रही है और गेहूं की तौल ना होने के बाद किसानों की उनकी उपज का भुगतान नहीं मिलता और उनके सामने शादी विवाह और अन्य जरूरत में आर्थिक दिक्कतें उत्पन्न हो जाती है जिससे किसान परेशान है इसी तरह का एक मामला सोमवार को जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचा है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ऊनौ गांव निवासी सर्वान्या नंद पाण्डेय पुत्र कैलाश नाथ पाण्डेय ने डीएम को पत्र देकर बताया कि गेहूं बिक्री का पंजीयन कराए जाने के बाद लेखपाल सत्यापन नहीं कर रहा है जिससे गेहूं की उपज सरकारी खरीद केंद्र पर तौल नहीं हो रही है 15 दिन से किसान को लेखपाल परेशान कर रहा है और एक बार टोकन मिलने के बाद सत्यापन के अभाव में तौल नहीं हो सकी तो दोबारा किसान को फिर 15 दिन इंतजार करना पड़ेगा इनके अलावा भी जिले के अन्य क्षेत्रों में तमाम किसान है जो लेखपाल से परेशान है किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य देने के सरकार के दावे पर लेखपाल से लेकर खरीद केंद्र प्रभारी तक बाधक बने हुए हैं।

# सम्पादकीय

## नरेन्द्र मोदी पहले हैं या देश?

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जब भी फोन पर बात होती है, फौरन उसकी सुर्खियां बन जाती हैं। लेकिन जब ट्रंप भारत के लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, भला-बुरा कहते हैं तो सरकार और मीडिया की तरफ से एकदम सन्नाटा छा जाता है। पाठक जानते हैं कि कई मोदी समर्थक पत्रकार तो मोदी-ट्रंप चर्चा पर बिना विस्तृत विवरण जाने ही लहालोट होने लगते हैं, क्योंकि उन्हें इन दोनों नेताओं की दोस्ती साबित करना है। खुद प्रधानमंत्री मोदी भी देश को फौरन इत्तला करते हैं कि मेरे प्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात हुई। अभी पिछले हफ्ते ही दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट लंबी वार्ता फोन पर हुई। जिसके बारे में बताया गया कि प.एशिया में चल रहे तनाव, होर्मुज बंद होने का असर जैसे मुद्दों पर दोनों ने चर्चा की, आपसी साझेदारी को बढ़ाने पर जोर दिया। इसके बाद ट्रंप ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे बहुत प्यारे मित्र हैं, और हम सब उनसे बहुत प्यार करते हैं। बस इतने में ही मोदी समर्थक गदगद हैं कि अमेरिका का राष्ट्रपति हमारे प्रधानमंत्री को पसंद करता है। लेकिन क्या यही अमेरिकी राष्ट्रपति भारत को भी पसंद करता है, यह एक बड़ा सवाल है। अक्सर विपक्ष की देशभक्ति की परीक्षा लेने वाले, उनके देशप्रेम को चुनौती देने वाले पत्रकारों और भाजपा के लोगों के लिए भी अब एक परीक्षा का वक्त है कि उनके लिए नरेन्द्र मोदी बड़े हैं या देश बड़ा है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक विवादास्पद पोस्ट को दोबारा पोस्ट किया है, जिसमें भारत, चीन और अन्य देशों को 'हेलहोलड़ (नर्क जैसा देश) करार दिया गया है। इस पोस्ट में अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) की नीति पर तीखा हमला किया गया है। अमेरिकी रेडियो होस्ट माइकल सैवेज ने मूल रूप से यह पोस्ट लिखी है। जिससे सहमति जताते हुए ट्रंप रीपोस्ट करते रहते हैं। इस में जन्मसिद्ध नागरिकता का मुद्दा अदालतों के बजाय आम नागरिकों द्वारा तय किए जाने की वकालत की गई है। इसमें अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन और अन्य कानूनी संगठनों की आलोचना करते हुए कहा गया है कि ये संस्थाएं अवैध आप्रवासन को बढ़ावा देने वाली नीतियों को प्रभावित करती हैं, जिससे सार्वजनिक संसाधनों पर बोझ बढ़ता है। पोस्ट में कहा गया है कि जन्मसिद्ध नागरिकता की वजह से अप्रवासी अमेरिका में आसानी से पैर जमाते हैं। इसके अनुसार, 'यहां एक बच्चे का जन्म होते ही वह तुरंत नागरिक बन जाता है और फिर वह अपने पूरे परिवार को चीन, भारत या दुनिया के किसी दूसरे नर्क जैसे देश से यहां बुला लेता है।' ट्रंप ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए जन्मसिद्ध नागरिकता के खिलाफ अपने पुराने रुख को दोहराया है। दूसरा कार्यकाल संभालते ही ट्रंप ने अवैध रूप से रह रहे प्रवासी लोगों को बाहर निकालने का काम किस तरह से किया था, यह भारत ने देखा है। कम से कम तीन बार अमेरिका के सैन्य जहाजों में हथकड़ियों और बेड़ियों के साथ भारतीयों को वापस भेजा गया था। तब भी विपक्ष ने देश की संप्रभुता की रक्षा का सवाल उठाया था कि अमेरिकी सैन्य विमान हमारी धरती पर कैसे उतरे, लेकिन सरकार ने कुछ नहीं कहा। जब विपक्ष ने भारतीयों के सम्मान का मुद्दा उठाया तो विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में कहा था।

# भारत के क्षेत्रीय दिग्गज कर रहे 'उत्तर के शासकों' की घेराबंदी का सामना

-टी एन अशोक

**हम** यहां भारतीय संघ के बारे में दो बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोणों के टकराव को देख रहे हैं। एक तरफ, क्षेत्रीय सत्ताधारी दल 'बहुलवादी प्रतिरोध' का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां राज्य की पहचान ही राजनीति का मुख्य आधार होती है। दूसरी तरफ, भाजपा 'केंद्रीकृत एकीकरण' का प्रतिनिधित्व करती है, जो इन क्षेत्रीय गढ़ों को शासन के एक ही, राष्ट्रीय दृष्टिकोण को लागू करने में अंतिम बाधाओं के रूप में देखती है।

भारत का चुनावी नक्शा कोई एक जैसी चीज नहीं है। यह अलग-अलग, और अक्सर अपनी बात पर अड़े रहने वाले राजनीतिक अंदाजों का एक संग्रह है। जैसे-जैसे तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के आखिरी घंटे चल रहे हैं और पश्चिम बंगाल एक बड़ी दांव वाली, दो चरणों वाली लंबी चुनावी दौड़ के अन्तिम चरण की ओर बढ़ रहा है, उनके पीछे का संदेश एक ही है जिस पर ध्यान देना बहुत जरूरी भी है। संदेश है कि वे पारंपरिक क्षेत्रीय गढ़, जो लंबे समय से भारतीय संघवाद की मजबूत दीवारें बने हुए थे, अब धीरे-धीरे और सोची-समझी रणनीति के तहत जोरदार घेराबंदी का सामना कर रहे हैं। दशकों तक, भारतीय लोकतंत्र की कहानी राज्यों की भाषाओं में लिखी जाती रही। चेन्नई में, यह 'द्रविड़ मॉडल' था, जिसकी पहचान करिश्मा और अस्मिता से होती थी। कोलकाता में, यह 'कैडर मशीन' थी, जिसकी पहचान वैचारिक वर्चस्व से होती थी। लेकिन 2026 की गर्मियों में, ये क्षेत्रीय किले यह महसूस कर रहे हैं कि आरामदेह और बिना किसी चुनौती वाले वर्चस्व का दौर अब खत्म होने वाला है। इसकी जगह अब एक राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक मशीन के दखल के खिलाफ एक सीधी और जोरदार लड़ाई ने ले ली है।

चेन्नई के उमस भरे और हलचल भरे गलियारों में, एम. के. स्टालिन न सिफ 'अपने विरोधियों से, बल्कि अतीत के साये से भी लड़ रहे हैं। 'भगवान-राजा' का दौर–यानी एम. जी. रामचंद्रन या जयललिता जैसे फिल्मी अंदाज वाले, आम इंसान से कहीं बढ़कर माने जाने वाले मसीहाओं का दौर–अब खत्म हो चुका है। उन्होंने अपने पीछे एक ऐसा खालीपन छोड़ दिया है जिसे कोई भी भाषणबाजी नहीं भर सकती।

स्टालिन ने राजनीतिक शायरी की जगह प्रशासनिक गद्य को अपनाने की कोशिश की है। उनकी सरकार गठबंधन बनाने की एक बहुत ही सधी हुई और पेंचीदा बुनावट वाली हैः जिसमें किसानों के संगठनों, अलग-अलग समुदायों और वामपंथी झुकाव वाले छोटे-छोटे गुटों के अलग-अलग हितों को एक साथ पिरोया गया है। यह एक जबरदस्त और आधुनिक रणनीति है, लेकिन यह नाजुक भी है।

भाजपा, जो अन्नाद्रमुक के कंधे पर सवार है, ने इस नाजुकता को पहचान लिया है। वे सीधे-सीधे जीत हासिल करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं–जो कि द्रविड़ धरती पर किसी राष्ट्रीय पार्टी के लिए अभी भी पहुंच से बाहर की बात है–लेकिन वे बड़ी होशियारी से द्रमुक के जीत के अंतर को कमजोर कर रहे हैं। अनुमानों से पता चलता है कि द्रमुक, जिसके पास 2021 में 133 सीटें थीं, फिसल कर बहुत कम यानी 115-120 सीटों पर आ सकती है।

स्टालिन की शासन शैली, जो नई दिल्ली के खिलाफ 'टकराव वाले संघवाद' पर आधारित है, उनके शासन को राष्ट्रीय वर्चस्व का एकमात्र विकल्प बनाने का एक सोचा-समझा प्रयास है। लेकिन अगर सीटें कम होती हैं, तो द्रमुक का स्थिर



बहुमत एक 'त्रिशंकु विधानसभा' की उथल-पुथल में बदल सकता है। यदि ऐसा होता है तो इससे यह साबित हो जाएगा कि एक सुव्यवस्थित गठबंधन भी उस राष्ट्रीय पार्टी के लगातार दबाव का मुकाबला नहीं कर सकता, जो हर एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए, इंच-दर-इंच लड़ने को तैयार हो। राजनीतिक विश्लेषण

अगर तमिलनाडु एक शतरंज का खेल है, तो पश्चिम बंगाल एक सड़क की लड़ाई है। इस राज्य का राजनीतिक विकास बहुत तेज और क्रूर रहा हैः वामपंथ का तीन दशकों का वर्चस्व 2011 में खत्म हो गया, और उसके बाद पैदा हुए खालीपन में, दो विरोधी ताकतों के बीच एक निर्णायक युद्ध छिड़ गया है। राजनीति

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अभी भी मुख्य ताकत बनी हुई है, लेकिन भाजपा का बढ़ता ग्राफ ही इस चुनाव की असली कहानी है। खुद को एकमात्र विपक्षी दल के रूप में पेश करके, भाजपा ने इस मुकाबले को और भी अहम बना दिया है, और इसे केंद्र बनाम राज्य की सत्ता के बीच एक जनमत संग्रह में बदल दिया है। गणित का हिसाब-किताब बहुत ही कड़ा है। भाजपा सौ का आंकड़ा पार करने के लिए जोरदार कोशिश कर रही है–ताकि उसकी सीटों की संख्या तीन अंकों (90-110) तक पहुंच जाए। टीएमसी के लिए चुनौती अपनी मौजूदा स्थिति को बनाए रखने का है। हालांकि 213 सीटों से घटकर 185 सीटें होना–या सबसे बुरे हालात में 155 सीटें भी रह जाना–ममता बनर्जी को साधारण बहुमत तो दिला ही देगा, लेकिन यह एक बहुत बड़े बदलाव का संकेत होगा। यह टीएमसी के पूर्ण वर्चस्व के अंत और भाजपा के एक स्थायी, मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में स्थापित होने का संकेत होगा; उस राज्य में, जहां एक दशक पहले तक भाजपा के लिए सांस्कृतिक रूप से पैठ बनाना लगभग नामुमकिन माना जाता था।

हम यहां भारतीय संघ के बारे में दो बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोणों के टकराव को देख रहे हैं। एक तरफ, क्षेत्रीय सत्ताधारी दल 'बहुलवादी प्रतिरोध' का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां राज्य की पहचान ही राजनीति का मुख्य आधार होती है। दूसरी तरफ, भाजपा 'केंद्रीकृत एकीकरण' का प्रतिनिधित्व करती है, जो इन क्षेत्रीय गढ़ों को शासन के एक ही, राष्ट्रीय दृष्टिकोण को लागू करने में अंतिम बाधाओं के रूप में देखती है।

राष्ट्रीय दल–कांग्रेस और भाजपा–अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए अलग-अलग रास्ते अपना रहे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस, जो एक छोटी सहयोगी पार्टी है, अभी भी क्षेत्रीय ताकतों के सहारे ही आगे बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा ने छोटी सहयोगी की भूमिका को त्याग दिया है और इसके बजाय राष्ट्रीय राजनीति में एक आक्रामक अगुवा की भूमिका निभाने का फैसला किया है।

अप्रैल 2026 का असली जनादेश केवल सीटों की संख्या में ही नहीं, बल्कि इन राज्यों की ढांचागत मजबूती में देखने को मिलेगा। क्या कोई क्षेत्रीय पार्टी केवल एक सक्षम सरकार चलाकर ही टिक सकती है, या उसे एक 'दिग्गज' बनने के करिश्मे की भी जरूरत होती है?

तमिलनाडु में, इस सवाल का जवाब फिलहाल विधानसभा की सीटों पर मिल रहे बेहद करीबी चुनावी नतीजों में लिखा जा रहा है। पश्चिम बंगाल में, इसकी परीक्षा केंद्रीय एजेंसियों के दबाव और मतदाता सूची से जुड़े विवादों वाले एक बेहद ही अस्थिर और तनावपूर्ण माहौल में हो रही है। चाहे ये गढ़ अपनी मजबूती बनाए रखें या फिर ढह जाएं, भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक स्थायी बदलाव आ रहा हैः क्षेत्रीय वर्चस्व का दौर अब खत्म हो रहा है और उसकी जगह लगातार चलने वाले, राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक संघर्ष का दौर शुरू हो रहा है। जैसे-जैसे ये राज्य चुनावों की ओर बढ़ रहे हैं, इन चुनावों के नतीजों का असर नई दिल्ली और राज्यों की राजधानियों के बीच सत्ता के संघीय संतुलन की अनिश्चितता के रूप में सामने आता दिख रहा है।

## विकास और पर्यावरण संरक्षण पर जोर जिलाधिकारी ने की अहम पहल



**सुलतानपुर । जनपद** में नवागत जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद विकास और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय पहल शुरू कर दी हैं इसी क्रम में उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक एवं पर्यावरणविद डॉ. सुधाकर सिंह के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर जनपद की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की बैठक में जनपद के समग्र विकास जनसुविधाओं के विस्तार पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रहकर सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन के साथ होना चाहिए भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी ने एक सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अभियान भी शुरू किया उन्होंने स्वयं जल पात्र स्थापित कर जनपदवासियों को प्रेरित किया।

## महिला आरक्षण की आड़ में लोकतंत्र के एन्काउंटर का खेल

राजेन्द्र शर्मा

**जिस** तरह सुप्रीम कोर्ट से लेकर संसद तक सभी संस्थाएं इस खुले अन्याय को रोकने में नाकाम रही हैं, उसके अनुभव के बाद क्या सीधे वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रमुख भूमिका वाले, डिलिमिटेशन आयोग से सत्ताधारी पार्टी का हुकुम बजाने के सिवा किसी न्याय की अपेक्षा की जा सकती है? असम और जम्मू-कश्मीर में डिलिमिटेशन की पक्षपाती राजनीति देश देख चुका है। महिला आरक्षण के नाम पर लोकतंत्र के इसी एन्काउंटर से एकजुट विपक्ष ने देश को बचाया है। महिला आरक्षण का रास्ता साफ करने के नाम पर बुलायी गयी संसद की तीन दिन की विशेष बैठक में, जब संसद में सरकार की ओर से पेश, संविधान संशोधन समेत तीन विधेयकों पर चर्चा शुरू हो रही थी, तभी सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी कि, 2023 के सितंबर में 106वें संविधान संशोधन के जरिए, महिलाओं के लिए एक-तिहाई का आरक्षण का जो कानून संसद ने लगभग एक राय से पास किया था, वह इसी 16 अप्रैल 2026 से लागू हो गया है! कानून की बारीकियों की ज्यादा जानकारी न रखने वाले आम पाठकों को बेशक इस खबर ने कुछ उलझन में डाला होगा। महिलाओं के लिए जिस एक-तिहाई आरक्षण के नाम पर संविधान संशोधन लाया जा रहा था, उसी आरक्षण का लागू होना शुरू होने का ऐलान किया जा रहा था! बेशक, इस उलझन के पीछे का तकनीकी/ कानूनी पेंच



सामने आने में ज्यादा समय नहीं लगा–महिला आरक्षण कानून को अधिसूचित करना इसलिए जरूरी था कि सरकार इस कानून में संशोधन का प्रस्ताव लायी थी और अधिसूचित हुए बिना ही इस कानून में संशोधन का प्रस्ताव करना, एक विसंगति होती।

बहरहाल, मोदी सरकार की इस तकनीकी मजबूरी ने, लोकसभा तथा विधानसभाओं में एक-तिहाई आरक्षण के मामले में, मोदीशाही के पाखंड की पोल पूरी तरह से खोलकर रख दी। तीन साल पहले, 2023 में संसद में लगभग सर्वसम्मति से (लोकसभा में सिर्फ दो एमआईएम सदस्यों के अपवाद को छोड़कर) स्वीकृत इस संविधान संशोधन के बाद, मोदी सरकार ने इस मुद्दे पर क्या किया था? वह इसे पूरी तरह से भूलकर तीन साल सोयी रही थी, जब तक कि उसकी 'चाणक्य बुद्धि' में महिला आरक्षण की आड़ में और बड़ा एडवांटेज लेने का आइडिया नहीं आ गया! इस सिलसिले में यह याद दिलाना भी अप्रासांगिक नहीं होगा कि 2023 में जब महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन स्वीकार किया गया था, तभी मोदीशाही ने यह सुनिश्चित कर दिया था कि अगले ही साल होने वाले आम चुनावों की तो बात दूर, 2029 के तथा और अगले आम चुनावों तक भी इसको लागू नहीं किया जा सके। वास्तव में, मोदीशाही में नंबर-दो, अमित शाह ने खुद सार्वजनिक रूप से इस आशय के दावे किए थे कि इसमें चार करीब चार साल लगेंगे। और यह किया गया था, महिला आरक्षण के लागू होने के साथ, नयी जनगणना और 2026 के बाद की जनगणना के बाद, होने वाले परिसीमन या डिलिमिटेशन की शर्त जोड़ने के जरिए। तभी वामपंथ समेत लगभग समूचे विपक्ष ने आग्रह किया था कि जनगणना और परिसीमन की शर्तों को हटाकर, लोकसभा के 557 सदस्यों के वर्तमान रूप से ही एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था शुरू की जाए, जिसे अगले आम चुनाव से ही लागू किया जा सकता था। दूसरी ओर, जबकि 2021 की जनगणना की 2023 तक शुरूआत तक नहीं की गयी थी और वास्तव में अमित शाह आम चुनाव के बाद ही जनगणना शुरू होने की घोषणाएं कर रहे थे, उक्त दोनों शर्तें पूरी होकर आरक्षण लागू होने में, 2034 के आम चुनाव चुनाव तक का समय लग सकता था। लेकिन, मोदीशाही ने विपक्ष के इन सुझावों को, जो वास्तव में महिला आरक्षण के लिए तीन दशक से ज्यादा से लगातार संघर्ष कर रहे देश के जनतांत्रिक महिला आंदोलन के भी सुझाव थे, मोदीशाही ने सीधे-सीधे खारिज कर दिया था। इसकी सीधी सी वजह यही थी कि मोदीशाही की संघ-बुद्धि को यह मंजूर नहीं था कि पुरुष सांसदों की वर्तमान संख्या में किसी तरह की कमी कर के, महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाएं। इसके बजाय, पुरुष सांसदों की संख्या सुरक्षित रखते हुए, कुल सीटों की संख्या बढ़ाने के बाद ही, उसमें से महिलाओं को तिहाई हिस्सा देना वे स्वीकार कर सकते थे।


यह दूसरी बात है कि इतना भी, संघ-भाजपा के मूल वैचारिक रुझान को देखते हुए, बहुत थोड़ा नहीं है। इसीलिए, संघ-भाजपा हलकों में भीतर-भीतर, महिला आरक्षण के खिलाफ विरोध की आग सुलगती रही है। यह भी वजह है कि प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में भाजपा का ही, निर्वाचित निकायों के लिए महिला उम्मीदवार खड़े करने और जिताने में सबसे खराब रिकार्ड रहा है। फिर भी कोई यह पूछ सकता है कि मान लिया कि 2023 में जो कानून बनाया गया था, उसमें यह कमी थी कि उसके तहत आरक्षण लागू होने के लिए महिलाओं को एक दशक तक इंतजार करना पड़ सकता था।

## आने को है आर्थिक दिक्कतों का दौर

अरविन्द मोहन

**तय** मानिए कि यह बदलाव सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा। कई अन्य चीजों और सेवाओं के दाम भी सरकार बढ़ा सकती है। निजी क्षेत्र तो उसका इंतजार भी नहीं करता, वह अभी ही अपने उत्पादों और सेवाओं को महंगा करने लगा है। और जब सरकार के फैसलों से उसके ऊपर बोझ बढ़ेगा तो वह एक के बदले तीन पैसे की वसूली अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं से शुरू कर देगा। सिर्फ सेवा देने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने का दौर शुरू हो गया है।

जी हां, 29 अप्रैल तक भारत सरकार और उसके कर्ता-धर्ता बंगाल चुनाव में व्यस्त हैं। होने को तो पांच राज्यों के चुनाव अभी अपनी प्रक्रिया के बीच ही हैं और 29 के पहले तमिलनाडु का मतदान भी पूरा हो जाएगा लेकिन बंगाल चुनाव का दूसरा और अंतिम फेज 29 को पूरा होगा और उसके बाद ही प्रधानमंत्री समेत सरकार के सभी प्रमुख लोगों का ध्यान उधर से हटेगा। सबके रिजल्ट 4 मई को आने हैं और अगर नरेंद्र मोदी समेत सारे प्रमुख लोग चुनाव में इतने जुनून से जुटे हैं तो रिजल्ट का महत्व सहज समझा जा सकता है। लेकिन पांच राज्यों की विधान सभाओं के परिणाम और देश की राजनीति पर उसका प्रभाव सामने आए इससे पहले ही 29 रात से परिणाम आने की भविष्यवाणी करना मुश्किल



नहीं है। सबसे पहला नंबर तो पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों का होना चाहिए। और खैरियत यही है कि ईरान अमेरिका/इजरायल युद्ध की आंच मद्धिम पड़ी है और संभव लगता है कि 29 तक कोई समझौता ही हो जाए। माहौल अभी भी बदला है और पेट्रोलियम के दाम समेत शेयर बाजार और सरार्फा बाजार की तेजी कुछ मद्धिम पड़ी भी है। लेकिन इससे हम आप नई मूल्य वृद्धि से बच नहीं सकते।

तय मानिए कि यह बदलाव सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा। कई अन्य चीजों और सेवाओं के दाम भी सरकार बढ़ा सकती है। निजी क्षेत्र तो उसका इंतजार भी नहीं करता, वह अभी ही अपने उत्पादों और सेवाओं को महंगा करने लगा है। और जब सरकार के फैसलों से उसके ऊपर बोझ बढ़ेगा तो वह एक के बदले तीन पैसे की वसूली अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं से शुरू कर देगा। सिर्फ सेवा देने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने का दौर शुरू हो गया है और दस-बारह साल से रुका पड़ा यह काम आंदोलनों के सहारे चला है और बढ़ता गया है पर मजदूरों में बेचैनी कीमतों में सामान्य वृद्धि और गैस की किल्लत और कालाबाजारी से ज्यादा बढ़ी। काफी सारे प्रवासी मजदूर तो इस चक्कर में अपने देस लौट गए। और उनके ही नहीं आम आदमी के जीवन में ईंधन के महत्व को समझकर सरकारों के स्तर पर सक्रिय हुई हैं। पेट्रोल और गैस के दाम न बढ़ाना भी उसी तरह की सक्रियता है और इसके पीछे आम लोगों को राहत देना कितना बड़ा कारण है और पांच राज्यों की विधान सभाओं का चुनाव कितना बड़ा कारण यह समझना मुश्किल नहीं है। मोदीजी की राजनीति के लिहाज से चुनाव का मतलब सबसे ऊपर है और इसी आधार पर चुनाव बीतते ही कीमतों में बढ़ोतरी की बात कही जा रही है।

यह संकेत भले मोदी जी की राजनीति को जानने वाले समझ

## ट्रैफिक इंचार्ज ने की अभद्रता, होमगार्ड,पीआरडी जवानों ने एसपी से की शिकायत



**सुल्तानपुर।जिले** में भीषण गर्मी में यातायात व्यवस्था संभाल रहे होमगार्ड व पीआरडी जवानों से यातायात निरीक्षक द्वारा गाली गलौज से बात करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित जवानों ने एसपी आवास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।बता दे कि नगर क्षेत्र में यातायात की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात आरक्षियों व उपनिरीक्षको के साथ होम गार्ड व पीआरडी के जवानों की ड्यूटी लगाई जाती है।व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिले के जवान दिन भर कड़ी धूप में सड़कों पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराते है।लेकिन आरोप है कि यातायात निरीक्षक राम निरंजन यादव द्वारा सभी प्रांतीय रक्षक बल के जवानों से गाली देकर बात की जाती है। गाली गलौज से नाराज प्रांतीय रक्षक दल के जवान दर्जनों की संख्या में सोमवार को एसपी आवास पहुंचे।


## फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण, किसानों को शीघ्र पंजीकरण और सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने की सलाह

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत करीमुद्दीनपुर गांव में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आज उप जिला अधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने निरीक्षण किया। यह कार्यक्रम जिला अधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें किसानों के पंजीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को तेज और सुचारु बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान जल्द पंजीकृत हो सकें। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके माध्यम से ही किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता और पारदर्शिता के साथ






मिल पाएगा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि पंजीकरण पूरा होने के बाद किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता, गेहूं क्रय में सुविधा, विभिन्न किसान सहायता योजनाओं सहित अन्य कृषि सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त होगा। इस दौरान ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

उप जिला अधिकारी ने इसके बाद करीमुद्दीनपुर स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीद की रफ्तार बढ़ाई जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। केंद्र पर उपस्थित किसानों से उन्होंने सीधे संवाद कर फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने गेहूं का विक्रय केवल सरकारी क्रय केंद्रों पर ही करें।

## भंडारण के अभाव में जमीन पर फेंकी गईं लाइब्रेरी की पुस्तकें, जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर

**सुल्तानपुर अलीगंज** बाजार विकास खंड कुड़वार के ग्राम सभा मनियारी अलीगंज स्थित पंचायत भवन में शिक्षा व्यवस्था और सरकारी संसाधनों की उपेक्षा का मामला सामने आया है। यहां लाइब्रेरी के लिए आई पुस्तकों को सुरक्षित रखने के बजाय जमीन पर फेंक दिया गया है, जिससे जिम्मेदारों की लापरवाही साफ उजागर हो रही है। बताया जा रहा है कि पंचायत भवन में भंडारण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बड़ी संख्या में किताबें खुले में और जमीन पर बेतरतीब पड़ी हैं।



धूल, नमी के चलते इन पुस्तकों के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। जिन पुस्तकों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को ज्ञान उपलब्ध कराना था, वही किताबें उपेक्षा का शिकार बनी हुई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से संचालित योजनाओं की निगरानी में भारी लापरवाही बरती जा रही है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला उद्योग बन्धु एवं जिला व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जनपद के औद्योगिक विकास, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और व्यापारिक समुदाय की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित कृषि विभाग के आवेदनों का तत्काल निस्तारण करने तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत प्राप्त पत्रावलियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए बैंकों को निर्देशित किया ताकि युवाओं को स्वरोजगार में कोई बाधा न आए। एमओयू के संबंध में स्पष्ट किया कि हस्ताक्षरित अनुबंधों के निवेशकों से निरंतर संवाद बनाए रखें, जिससे प्रगति के साथ रैंकिंग में भी सुधार हो सके। व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए उपायुक्त राज्य कर निर्देशित किया। साथ ही व्यापारियों से व्यापार कर से संबंधित सभी आवेदन ह्यराज्य कर कार्यालयह्य में जमा करने का आग्रह किया। सीएमओ ने स्टाम्प पेपर से संबंधित लंबित प्रकरणों व धारा-80 के अंतर्गत स्वीकृति के लिए लंबित मामलों का भी समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान व्यापारियों द्वारा बताई गई विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं के भी त्वरित समाधान के लिए सीएमओ ने सम्बन्धितों को निर्देशित किया तथा व्यापारियों से उद्यम रजिस्ट्रेशन, खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्माण, क्रय-भंडारण पंजीकरण एवं अनिवार्य रूप से जीएसटी पंजीकरण कराने का आग्रह किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चन्द्रशेखर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी अजय कुमार, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र एस.के. केसरवानी, उपायुक्त (राज्य कर) विक्रम अजीत, एआईजी (स्टाम्प) राजेश कुमार सिंह, सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता, गिरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## अभियान चलाकर किया प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित

**चित्रकूट।** जनपद के वन क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन अभियान के अंतर्गत सोमवार को समाजसेवियों क समूह ने घने जंगलों में स्थित सूखते जलश्रोतों को खोजकर उनको पुनर्जीवित किया।

समाजसेवियों की टीम जनपद के वनक्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पियरी नामक प्राकृतिक जलश्रोत पर पहुंची, जहां सूखते हुए इस प्राकृतिक जल स्त्रोत को लगभग एक घंटे तक श्रमदान कर साफ किया गया। जिससे पानी का प्रवाह तेज हुआ। इसके बाद सिल्पर जलश्रोत पर पहुंचकर वर्ष 2014 में वन विभाग द्वारा निर्मित चेकडैम और रपटा का भी निरीक्षण किया। यहां भी समाजसेवियों ने एक घंटे तक श्रमदान कर जलधारा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया। जिससे पानी का बहाव पहले से बेहतर हुआ। अभियान के माध्यम से संदेश गया कि सामूहिक प्रयास और जागरूकता के जरिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण संभव है, जो आने वाले समय में जल संकट से निपटने में सहायक सिद्ध होगा। अभियान में समाजसेवी प्रेम बाबू पटेल, दीपनारायण तिवारी, बरगढ़ रेंज के काशी प्रसाद मिश्र, वनकर्मी वीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने श्रमदान कर जलस्त्रोतों को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा के लिए 17 मई तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा (री-चेकिंग) के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई निर्धारित की गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि प्रति प्रश्नपत्र सन्निरीक्षा शुल्क 500 रुपये निर्धारित की गई है, जो लिखित एवं प्रयोगात्मक (प्रैक्टिकल) खंड के लिए अलग-अलग देय होगी। स्पष्ट किया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट निकालकर, शुल्क जमा करने के मूल चालान की प्रति संलग्न करते हुए रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से परिषद के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा। बताया कि ऑफलाइन या सीधे भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। साथ ही 17 मई के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके आरक्षियों को थानों के लिए किया गया रवाना

**चित्रकूट।** खोह स्थित पुलिस लाइन में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पुरुष एवं महिला आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को आवंटित थानों के लिए रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी नवप्रशिक्षित आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग की छवि जनता के बीच कार्यशैली से ही बनती है, अतः सभी कार्मिक जनता के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आरक्षियों को अपने थाना क्षेत्रों में सजग रहकर कार्य करने, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान सभी नवप्रशिक्षित आरक्षियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चित्रकूट में आनंद डायग्नोस्टिक सेंटर सील, स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई

**चित्रकूट।** चित्रकूट जिला मुख्यालय स्थित ओम प्लाजा में संचालित आनंद डायग्नोस्टिक सेंटर (अल्ट्रासाउंड) को सोमवार को सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग, तहसील प्रशासन और कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने सेंटर पर छापेमारी की, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं।



छापेमारी के दौरान टीम ने सेंटर के दस्तावेजों, पंजीकरण, मशीनों के संचालन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन जांच की। इस दौरान कई मरीज भी सेंटर पर मौजूद थे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालन में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज अधूरे पाए गए, और कई व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थीं। इन्हीं अनियमितताओं के आधार पर सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील किया गया।

संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

संयुक्त टीम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, तहसील प्रशासन के प्रतिनिधि और कोतवाली कर्वी का पुलिस बल शामिल था। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान परिसर को घेरकर स्थिति को नियंत्रित रखा, ताकि कोई अव्यवस्था न फैले।सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई लंबे समय से मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई। सेंटर के संचालन को लेकर स्थानीय स्तर पर कई तरह की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने संयुक्त छापेमारी का निर्णय लिया।

मामले में अब आगे की विधिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। संबंधित संचालकों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग इस पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजेगा। इस कार्रवाई के बाद जिले में संचालित अन्य निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में भी सतर्कता बढ़ गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पंचायत चुनाव के समय से न होने की संभावना के बीच त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को प्रधानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला पंचायत परिसर में एकत्र होने के बाद बड़ी संख्या में प्रधान नारेबाजी करते हुए कलेक्टरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को सौंपा।



जिला पंचायत परिसर में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला सहित प्रधानों ने समय से चुनाव न होने की संभावना को देखते हुए प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। इसके बाद सभी प्रधान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव सहित सभी ब्लाक प्रमुखों के साथ कलेक्टरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम पुलकित गर्ग को सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने कहा कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल आगामी 26 मई व 19 जुलाई को समाप्त हो रहा है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए निर्धारित समय के भीतर पंचायत चुनाव होने की संभावना के दृष्टिगत सभी प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, पहाड़ी सुशील द्विवेदी, कर्वी गुलाब सिंह, रामनगर गंगाधर मिश्र, संगठन के कर्वी ब्लाक अध्यक्ष विष्णुकांत पांडेय, पहाड़ी अभिलाष पटेल, रामनगर पुष्पलता सिंह, मानिकपुर जगदीश पटेल, मऊ प्रभात पांडेय, मीडिया प्रभारी विपिन मिश्रा, मीना देवी, साधना सिंह, चंदन सिंह, रामानंद, राज कुमार, रामआसरे, रामबाबू, दीपशिखा, राजेन्द्र सिंह, भीम पांडेय, ऊषा सिंह, इंद्रजीत, उर्मिला देवी, रामनारायण, अनीता सिंह, रामनाथ, रामशरण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपद के सात परीक्षा केन्द्रों में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस होमगार्ड्स पदों की ऑफलाइन लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने केन्द्रो का निरीक्षण किया। यहां एडीजी ने सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एडीजी ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल का जायजा लिया तथा केन्द्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करा के लिए निर्देशित किया। कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाएगी। बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद, कर्वी कोतवाली प्रभारी दुर्गविजय सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक पंकज तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिन्हित किए गए 161 हाईरिस्क गांव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत देश को वर्ष 2026 के अंत तक टीबी मुक्त बनाये जाने के उद्देश्य से बीती 24 मार्च से संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद के सभी विकासखण्ड में 161 हाईरिस्क ग्राम चिन्हित किये गये है। इन चिन्हित हाईरिक्स ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की टीम अभियान चलाकर टीबी मरीजों की पहचान कर रही है।



मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने अभियान के तहत चिन्हित हाई रिस्क गाँवो में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) एम्बुलेंस सक्रिय है, जो इन गाँवो में शिविर लगाकर बलगम जॉच एंव एक्सरे के माध्यम से स्क्रीनिंग कर क्षयरोगियों की पहचान कर रही है। बताया कि बीती 24 मार्च से अब तक लगभग 50 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 3,774 लोगों (2187 पुरूष एंव 1587 महिला) की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिनमें से 194 रोगियों की पहचान कर उपचार के लिए पंजीकृत किया गया है। इसके साथ ही अभियान के दौरान 118 टीबी मरीजो को शासन के निदेर्शानुसार गोद लिया गया है, जिन्हे निक्षय मित्रो के माध्यम से पोषण पोटली भी प्रदान की जा रही है। क्षयरोग नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत 774 क्षयरोगी सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सालयों के माध्यम से उपचार प्राप्त कर रहे है, जिनमें 698 मरीज पब्लिक नोटीफाई एवं 76 प्राइवेट नोटिफाई प्रक्रिया के माध्यम से चिन्हित किये गये है। जिनका उपचार बेहतर तरीके से किया जा रहा है। सीएमओ ने आम जनमानस से अपील की है कि सभी लोग अधिक से अधिक जांच कराएं ताकि क्षयरोग से प्रभावित होने की स्थिति में तत्काल इलाज प्राप्त कर इस रोग को अन्य लोगो में फैलने से रोका जा सके।

# अब यूएस में भारतीयों की होगी नौ एंटरी? एच1वी वीजा पर आए नए बिल ने बढ़ाई चिंता

**अमेरिका**
**अमेरिका** में एक ऐसा बिल पेश हुआ है जो लाखों विदेशी प्रोफेशनल्स खासतौर पर भारतीयों के सपनों पर सीधा वार कर सकता है। डोनाल्ड ट्रंप के दौर में इमीग्रेशन को लेकर सख्ती के बीच अब एच वन बी वीजा सिस्टम को पूरी तरह बदलने की तैयारी हो चुकी है। रिपब्लिकन नेता एलिक क्रेन ने एंड एच1 वीजा अब्यूज एक्ट 2026 पेश कर ऐसा प्रस्ताव रखा है जिससे अगर मंजूरी मिलती है तो अमेरिका में नौकरी करने का रास्ता पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल हो जाएगा। जो एच वन वीजा सिस्टम को जड़ से बदल सकते हैं। सबसे बड़ा झटका हर साल जारी होने वाले वीजा की संख्या 65,000 से घटाकर सिर्फ 25,000 करने का प्रस्ताव है। इतना ही नहीं अब तक चल रही लॉटरी सिस्टम को भी खत्म कर हाई सैलरी के आधार पर चयन की बात कही गई है। कंपनियों के लिए भी नियम बेहद सख्त होंगे। उन्हें साबित करना होगा कि उन्हें कोई अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिला और उन्होंने हाल ही में किसी को नौकरी से नहीं निकाला। एच1वी कर्मचारियों के एक से ज्यादा नौकरी करने की अनुमति नहीं होगी और थर्ड पार्टी एजेंसियों के जरिए हायरिंग पर भी रोक लगाने का प्रस्ताव है। सबसे चौंकाने वाला प्रस्ताव एच1 बी वीजा धारकों को अपने परिवार को अमेरिका लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

साथ ही इस वीजा को ग्रीन कार्ड में बदलने का रास्ता भी बंद करने की बात कही गई है। यानी यह वीजा पूरी तरह अस्थाई बन जाएगा। इमीग्रेशन एक्सपर्ट रोजमरी जेनेक्स का कहना है कि अगर एच वन वीजा कर्मचारियों को 3 साल बाद वापस भेजा जाएगा तो कंपनियों की लागत बढ़ेगी और वह मजबूर होकर अमेरिकी नागरिकों को ही नौकरी देंगे। इस विल को ब्रैंडन ग्रिल समेत कई रिपब्लिकन नेताओं का समर्थन मिला है। जिन्होंने साफ कहा है कि अमेरिकी नौकरियों पर पहला हक अमेरिकियों का होना चाहिए ना कि विदेशी कर्मचारियों का। अगर यह विल पास होता है तो यह सिर्फ एक पॉलिसी बदलाव नहीं बल्कि अमेरिका में काम करने वाले सपने देखने वाले लाखों युवाओं के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।



H-1B वीजा प्रोग्राम का इस्तेमाल अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनियाँ विदेशी प्रोफेशनल्स को नौकरी पर रखने के लिए बड़े पैमाने पर करती हैं; इसमें भारतीय कर्मचारी—खास तौर पर टेक्नोलॉजी और मेडिकल के क्षेत्र में सबसे बड़े लाभार्थी समूहों में से एक हैं। प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा लॉटरी सिस्टम की जगह वेतन-आधारित चयन प्रक्रिया लाना शामिल है। इसके तहत, एम्प्लॉयर्स को यह प्रमाणित करना होगा कि कोई भी योग्य अमेरिकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं है और हाल ही में कोई छँटनी नहीं हुई है। साथ ही, ल्ट-1इ कर्मचारियों के एक से ज्यादा नौकरियाँ करने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और थर्ड-पार्टी स्टाफिंग फर्मों द्वारा उन्हें नौकरी पर रखने पर रोक लगाई जाएगी। अतिरिक्त प्रावधानों के तहत, संघीय एजेंसियों को गैर-प्रवासी कर्मचारियों को प्रायोजित करने या नौकरी पर रखने से रोका जाएगा, 'ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग' प्रोग्राम को समाप्त कर दिया जाएगा, और ल्ट-1इ वीजा धारकों को स्थायी निवास (परमानेंट रेजिडेंसी) में बदलने से रोका जाएगा—जिससे इन वीजाओं का अस्थायी स्वरूप और भी मजबूत होगा। इस बिल में यह भी अनिवार्य किया गया है कि गैर-प्रवासी कर्मचारी किसी दूसरी वीजा श्रेणी में जाने से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़ दें। क्रेन ने कहा कि इस उपाय से अमेरिकियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वीजा नियमों को और मजबूत किया जाएगा, और घरेलू कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा, "संघीय सरकार को मेहनती नागरिकों के लिए काम करना चाहिए, न कि बड़ी-बड़ी कंपनियों के मुनाफे के लिए। अमेरिकी लोगों के प्रति हमारी यह ज़िम्मेदारी है कि हम इस दोषपूर्ण ल्ट-1इ सिस्टम को उन्हें उन नौकरियों से वंचित करने से रोकें।

# तेहरान ने अमेरिकी दल से मिलने का प्रस्ताव ठुकराया

**अमेरिका**
**इस्लामाबाद** में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को फिर से शुरू करने की कोशिशें नाकाम होती दिख रही हैं; नई रिपोर्टों से पता चलता है कि तेहरान अभी भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मिलने को तैयार नहीं है। पाकिस्तान स्थित मीडिया संस्थान अफ ठी६२ के चेयरमैन कामरान खान के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के उद्देश्य से होने वाली इस निर्धारित बैठक को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में, खान ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि बातचीत के दूसरे दौर की संभावनाएँ अब काफी कम हो गई हैं। उन्होंने कहा, "इस्लामाबाद में आज अमेरिका-ईरान बातचीत के दूसरे दौर के फिर से शुरू होने की संभावनाएँ तेजी से खत्म होती जा रही हैं, क्योंकि तेहरान अभी भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मिलने को तैयार नहीं है; इस प्रतिनिधिमंडल के आज देर रात वॉशिंगटन से यहाँ पहुँचने की उम्मीद थी।





खान ने आगे बताया कि ईरान ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से जुड़ी एक कड़ी शर्त रखी है, जिसमें उसने जोर देकर कहा है कि वाशिंगटन को सबसे पहले ईरानी बंदरगाहों पर लगाई गई नौसैनिक नाकेबंदी हटानी होगी। उनके पोस्ट में कहा गया है, ईरान लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि बातचीत का दूसरा दौर शुरू करने की शर्त के तौर पर अमेरिकी 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर अपनी नाकेबंदी खत्म करें।

अमेरिका का उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल हरी झंडी का इंतजार कर रहा है

अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की अगुवाई में, जिसमें वरिष्ठ सलाहकार और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर भी शामिल हैं, अमेरिकी टीम बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाली है। यह घटनाक्रम ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुँचने के बाद सामने आया है, जिससे शुरू में तेहरान और वाशिंगटन के बीच बातचीत को फिर से आगे बढ़ाने की उम्मीदें जगी थीं।

इस्लामाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

यहाँ यह ध्यान देने वाली बात है कि पाकिस्तान की राजधानी में इस समय ऐसी सुरक्षा व्यवस्था लागू है जिसे 'दम घोंटने वाली' सुरक्षा व्यवस्था बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, मुख्य सड़कों को सील कर दिया गया है ।

# प्रधानमंत्री बेंजामिन का प्रोस्टेट कैंसर के शुरूआती चरण का हुआ इलाज

**इजरायल**
**इजरायल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को बताया कि हाल ही में उनका प्रोस्टेट कैंसर के शुरूआती चरण का इलाज हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने सालाना मेडिकल रिकॉर्ड जारी करने में दो महीने की देरी इसलिए की, ताकि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान ईरान उन बातों को न फैला सके, जिन्हें उन्होंने 'झूठा नैरेटिव' बताया। एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सेहत अब बहुत अच्छी है और प्रोस्टेट से जुड़ी एक छोटी-सी समस्या पूरी तरह से ठीक हो गई है। नेतान्याहू के अनुसार, एक साल से भी ज्यादा समय पहले बढ़े हुए बिनाइन प्रोस्टेट की सफल सर्जरी करवाने के बाद से वे लगातार मेडिकल देखरेख में थे। हाल ही में हुए एक चेकअप के दौरान, डॉक्टरों ने एक बहुत छोटा सा धब्बा देखा,



जिसका आकार एक सेंटीमीटर से भी कम था। आगे की जाँचों में पता चला कि यह बहुत ही शुरूआती स्टेज का मैलिग्नेंट ट्यूमर था, जो न तो फैला था और न ही उसमें मेटास्टेसिस के कोई लक्षण दिखे थे।

इजरायली पीएम ने एक्स पर बताया, मैंने एक खास इलाज करवाया, जिससे यह समस्या पूरी तरह खत्म हो गई और इसका कोई निशान भी नहीं बचा। मैंने कुछ छोटे-मोटे इलाज करवाए, एक किताब पढ़ी और अपना काम जारी रखा। वह धब्बा पूरी तरह से गायब हो गया।

डॉक्टरों ने विकल्प दिए, नेतन्याहू ने इलाज चुना

मेडिकल विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि उनकी उम्र के पुरुषों में यह समस्या काफी आम है। उनके सामने दो विकल्प रखे गए। पहला विकल्प था ट्यूमर का इलाज न करवाना।

# दो महीने बाद ईरान में नरमी



**ईरान**
**ईरान** ने तेहरान के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें फिर से शुरू कर दीं; अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष शुरू होने के लगभग दो महीने बाद यह पहली बार हुआ है। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इस्तांबुल, मस्कट और मदीना के लिए उड़ानें रवाना हुईं। फ़्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म ऋँ३१११24 ने बताया कि शनिवार सुबह इस्तांबुल के लिए कम से कम 3 उड़ानें रवाना हुईं। अमेरिका के साथ संघर्ष विराम के बाद, इस महीने की शुरूआत में ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से फिर से खोल दिया था, जिससे दोनों देशों के बीच दुश्मनी खत्म हो गई थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंचने के बाद पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के साथ बातचीत के 2 दौर किए। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत जारी रखेगा, जबकि अमेरिकी दूतों के शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचने की उम्मीद थी। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की कि डोनाल्ड ट्रम्प तेहरान के साथ युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने के प्रयासों के तहत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को पाकिस्तान भेजेंगे। हालांकि, अरघची के आगमन के तुरंत बाद, ईरान ने संकेत दिया कि अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ कोई भी बातचीत अप्रत्यक्ष रहेगी, जिसमें पाकिस्तानी अधिकारी मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे। यह राजनयिक प्रयास अनिश्चितकालीन युद्धविराम के बाद किया जा रहा है, जिसने अधिकांश लड़ाई को रोक दिया है, लेकिन वैश्विक बाजारों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से प्रभावित ऊर्जा शिपमेंट को बाधित करना जारी रखा है।

# तुर्की में भारतीय एजेंसियों की बड़ी कामयाबी, दाऊद का करीबी डोला इस्तांबुल से अरेस्ट

**तुर्की**
**एक** अहम अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन में, तुर्की के अधिकारियों ने इस्तांबुल में भारतीय ड्रग माफिया के कथित सरगना सलीम डोला को गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए इसे वैश्विक ड्रग तस्करी के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता बताया है। माना जा रहा है कि डोला एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के नेटवर्क का अहम खिलाड़ी है जो कई देशों में फैला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, डोला कई सालों से एक विशाल ड्रग सिंडिकेट चला रहा था, और बताया जाता है कि वह विदेशों से ही अपने ऑपरेशन्स को कंट्रोल करता था। कहा जाता है कि उसका नेटवर्क वैश्विक सिंथेटिक ड्रग्स के व्यापार से जुड़ा है, जिसकी सप्लाई चेन भारत समेत कई क्षेत्रों तक फैली हुई है।

इस मामले का सबसे गंभीर पहलू डोला का दाऊद इब्राहिम से जुड़े अंडरवर्ल्ड नेटवर्क के साथ कथित संबंध है। अधिकारियों का कहना है कि ये संबंध संगठित अपराध और अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी के बीच एक गहरे गठजोड़ की ओर इशारा कर सकते हैं, जिस पर एजेंसियाँ पिछले कई सालों से नजर रख रही हैं।

मुंबई से दुबई तक का ऑपरेशन

डोला मूल रूप से मुंबई में सक्रिय था, जिसके बाद उसने कथित तौर पर अपना ठिकाना दुबई में बना लिया और वहीं से अपने ऑपरेशन चलाता रहा। पिछले



कुछ महीनों में, भारतीय एजेंसियों ने उसके नेटवर्क के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। साल 2025 में मुंबई पुलिस ने इस कार्रवाई के तहत उसके कई करीबी सहयोगियों को गिरफ्तार किया और उसके परिवार के कुछ सदस्यों को भी हिरासत में लिया।

रेड कॉर्नर नोटिस और इनाम जारी

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पहले डोला के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था और उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी देने पर इनाम की घोषणा की थी।

अब उम्मीद है कि उसकी गिरफ्तारी से जांचकताओं को इस बड़े नेटवर्क के बारे में अहम जानकारियां जुटाने में मदद मिलेगी। गिरफ्तारी के बावजूद, डोला को भारत वापस लाना आसान नहीं हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि तुर्की से उसका प्रत्यर्पण कानूनी रूप से पेचीदा हो सकता है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े, सफर हुआ महंगा

**लाहौर**
**पेट्रोलियम** की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी ने पूरे पाकिस्तान में ट्रांसपोर्ट के किराए बढ़ा दिए हैं, जिससे उन यात्रियों पर और बोझ पड़ गया है जो पहले से ही महंगाई के दबाव से जूझ रहे हैं। समा टीवी के मुताबिक, लाहौर में रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के बीच हुई बातचीत के बाद किराए में 3 से 4 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी की गई है। ट्रांसपोर्ट हाउस में हुई इस बैठक में फ्ळअ के सेक्रेटरी राणा मोहसिन ने ट्रांसपोर्टरों के साथ बातचीत की; ट्रांसपोर्टरों ने ईंधन की बढ़ती




कीमतों के कारण शुरू में किराए में ज्यादा बढ़ोतरी की मांग की थी। अधिकारियों ने किराए में सिर्फ. सीमित बढ़ोतरी की अनुमति दी और बिना अनुमति के किराया बढ़ाने वालों को चेतावनी भी दी।

राणा मोहसिन ने जोर देकर कहा कि किसी भी ट्रांसपोर्टर को तय सीमा से ज्यादा किराया वसूलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख़्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इस बात की पुष्टि की कि किराए की नई सूची तुरंत लागू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम की कीमतों में 7 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है, जिसकी वजह से यह बदलाव करना पड़ा। रेगुलेटरी सीमाओं के बावजूद, यात्रियों को अभी भी इसका बोझ उठाना पड़ रहा है। खबरों के मुताबिक, पब्लिक ट्रांसपोर्ट चलाने वालों ने कुछ मामलों में किराया करीब 5 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जिससे रोजाना और शहरों के बीच (इंटर-सिटी) सफर का खर्च और बढ़ गया है।

# हमले के बाद दुनिया से कटा देश

**ईरान**
**इंटरनेट** मॉनिटरिंग संस्था NetBlocks के अनुसार, ईरान के नागरिकों को पिछले 57 दिनों से लगातार इंटरनेट ब्लैकआउट का सामना करना पड़ रहा है। यह ठीक आठ हफ़्ते पूरे होने का संकेत है, जब से ईरानी शासन ने देश की डिजिटल पहुँच पूरी तरह से काट दी थी। इस शनिवार को स्थिति पर रिपोर्ट करते हुए, संस्था ने इस पाबंदी के गंभीर असर को उजागर किया। उसने कहा कि यह रुकावट, जो अब 1344 घंटों के बाद अपने 57वें दिन में प्रवेश कर रही है, ईरानियों की आवाज को दबा देती है, दोस्तों और परिवार को एक-दूसरे से संपर्क से काट देती है, और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचाती है। यह पूरी तरह से ब्लैकआउट 28 फरवरी को तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के तुरंत बाद लागू किया गया था। इस लंबे समय तक चले शटडाउन ने क्षेत्रीय अस्थिरता के एक महत्वपूर्ण दौर में ईरानी आबादी को वैश्विक समुदाय से अलग-थलग कर दिया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# अमेरिका के आगे झुकने से और सीधी बातचीत से तेहरान का साफ इंकार

**ईरान**
**ईरान,** अमेरिका और उनके सहयोगी देशों के बीच बातचीत की नई कोशिशें शुरू हुई हैं, जिनमें पाकिस्तान एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद पहुंचकर पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात की और तेहरान की मांगों तथा अमेरिका की शर्तों पर अपनी आपत्तियां स्पष्ट रूप से रखीं। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने साफ किया है कि वह अपनी शर्तों से पीछे हटने को तैयार नहीं है और किसी भी समझौते में उसकी सुरक्षा और संप्रभुता सर्वोपरि रहेगी।

इसी बीच, अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जारेड कुशनर भी पाकिस्तान पहुंच रहे हैं, जहां वह ईरान के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता में हिस्सा लेंगे। हालांकि ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह सीधे तौर पर अमेरिका के साथ आमने सामने बातचीत नहीं करेगा और अपनी बात पाकिस्तान के माध्यम से ही रखेगा। इससे यह संकेत मिलता है कि दोनों देशों के बीच अविश्वास अब भी गहरा है।

उधर, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में इन वाताओं को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर के कई हिस्सों में लॉकडाउन जैसी स्थिति है, प्रमुख मार्ग बंद हैं और आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। पहले दौर की वार्ता किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी थी, ऐसे में इस बार भी अनिश्चितता बनी हुई है। इस्लामाबाद की ओर जाने वाली मुख्य सड़कों को बंद कर दिया गया है तथा उस ह्यरेड जोनह्न को कड़े सुरक्षा



घेरे में रखा गया है जहां प्रमुख सरकारी भवन एवं राजनयिक मिशन स्थित हैं। पास के वाणिज्यिक क्षेत्र ह्यब्लू एरियाह्न में बाजार सुनसान हैं, कैफे में आपूर्ति कम हो रही है और बस अड्डों की सेवाएं बंद होने के कारण सार्वजनिक परिवहन बाधित है जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। लोगों के लिए अनिश्चितता सबसे कठिन स्थिति है। हाल के सप्ताहों में यह दूसरा ह्यलॉकडाउनह्न है। अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधिमंडलों के बीच वार्ता के लिए इस्लामाबाद में पहले 11 अप्रैल को ह्यलॉकडाउनह्न किया गया था। वह वार्ता कोई समझौता हुए बिना समाप्त हो गई थी। इसके बाद शहर कुछ समय के लिए खुला, लेकिन पाकिस्तान द्वारा एक और दौर की बातचीत की मेजबानी की तैयारियां किए जाने के बीच पाबंदियां फिर लागू कर दी गईं। हालांकि, वार्ता को लेकर अब भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हम आपको याद दिला दें कि ट्रंप ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम को मंगलवार को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया था ताकि तेहरान को युद्ध समाप्त करने के लिए एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार करने का और समय मिल सके। यह फैसला युद्धविराम की अवधि समाप्त होने से कुछ घंटे पहले किया गया।

दूसरी ओर ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने देश के भीतर एकता की सराहना की है और कहा है कि दुश्मनों को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि ईरान किसी दबाव में झुकने वाला नहीं है। सुरक्षा कारणों से वह सार्वजनिक रूप से बहुत कम नजर आ रहे हैं और उनके निर्देश विशेष माध्यमों से जारी किए जा रहे हैं।

उधर, मैदान में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपनी नौसेना को होरमुज जलडमरूमध्य में ईरानी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह जलमार्ग विश्व के तेल आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा संभालता है, लेकिन युद्ध के कारण यहां जहाजों की आवाजाही में भारी कमी आई है। इसके अलावा, लेबनान में भी संघर्ष जारी है।